श्री श्रीष चन्द्र दीक्षित
मुख्य परामर्शदाता
पूर्व सांसद व पूर्व पुलिस महानिदेशक
श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंघल
राष्ट्रीय प्रधान
पूर्व सांसद (राज्य सभा) व पूर्व पुलिस महानिदेशक
मे . ज . (से दृ नि .) विश्वास स . जोगलेकर
राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान
संपादक
प्रो0 सतीश चन्द्र
संपादक मंडल
डॉ महेश चन्द्र
देवेन्द्र मित्तल, रामाश्रय उपाध्याय
प्रो0 श्री धर पन्त, डॉ0 रामशरण गौड़
प्रकाषक व मुद्रक
देवेन्द्र मित्तल (उपप्रधान)
प्रकाशन स्थान
3308, सेक्टर–डी–3 वसंत कुंज,
नई दिल्ली – 110070
ξ

SUBSCRIPTION RATE

Inland : Life Rs. 800/-
Annual 100/-
Overseas : Life US$ 100
Annual US$ 10
Per copy : £1 $1.50, IRs 15

ADVERTISEMENT TARIFF

Outer Cover : Rs. 15000/-
Inner Cover : Rs. 12,000/-
Full Page : Rs. 10,000/-
Half Page : Rs. 5,000/-
Payable by MO/Bank Draft/Crossed Cheque in the name of
Sanskritik Gaurav Sansthan
869- Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj,
New Delhi-110070

मुद्रण स्थान
ऋषि ऐन्टर प्राइजेजξ
ξ
ξ
ξ
ξ
ξ
ξ

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

द्विमासिक
BI-MONTHLY

वर्ष 12 अंक 1 विषय सूची चैत्र से बैशाख 2067 वि अप्रैल 2010

The Cure for Terrorism is Destruction of Talibanised Pakistan 5
-Subramanian Swamy

[illegible] 9

वर्ष नव ! हर्ष नव (कविता) *-डॉ. रामसनेहीलाल शर्मा 'यायावर'* 5

'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' हरिद्वार संगोष्ठी की रिपोर्ट 11

जलहीन होती जा रही हैं नदियां 14

सन् 1857 की क्रांति का प्रथम शहीद : मंगल पाण्डे *-राम शिव मूर्ति यादव* 15

आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर का ऐतिहासिक महत्त्व का अंतिम आदेश 17

नज़रिया और उसका महत्त्व 20

हुसैन का नरक तसलीमा की जन्नत *-राजकिशोर* 21

चर्चों के बीच 50 करोड़ का विवाद पहुँचा हाईकोर्ट *-प्रभात कुमार* 23

हिन्दू संस्कृति व्याख्यान माला *-शरद् चन्द्र* 24

हिन्दू पहले अपने को सुधारें *-डॉ. मित्रेश कुमार गुप्त* 26

शक्तिपीठों की तालिका 27

चीन का कूटनीतिक मोर्चा *-आर.विक्रम सिंह* 28

पीडीएस देश का सबसे भ्रष्ट महकमा 30

धर्म-संस्कृति-सभ्यता चेतना 30

पाठकों के पत्र, पुस्तक समीक्षा 31

The Internet Hindus ***-Shachi Rairikar*** 32

A Critique of US foreign policy ***-Barry Rubin*** 35

Evangelical Intrigues ***-D.P.Kar*** 37

Nanaji Deshmukh-Kindling a movement-***Arun Jaitley*** 39

Discovery of India: A different era : - ***Sandhya Jain*** 40

Diary of Events, Select Articles and Book Reviews 42

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

10 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण एवं 5 प्रतिशत ईसाई आरक्षण देने का केन्द्र सरकार का षड्यंत्र

हिन्दू समाज में अनेक जातियां उपजातियां जनजातियां एवं अनुसूचित जनजाति भी हैं। इन सभी जातियों के 5 करोड़ से अधिक युवक बेरोज़गार हैं। करोड़ों बच्चों को आज भी शिक्षा उपलब्ध नहीं हो रही है। हम सबकी चिन्ता यह है कि सबको कैसे रोज़गार मिले एवं शिक्षा भी मिले।

देश में सरकारी नौकरियों में इस समय लगभग 50 प्रतिशत आरक्षण है। कुछ राज्यों में जैसे तमिलनाडु आदि में उससे भी अधिक है। इस 50 प्रतिशत में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी की विभिन्न जातियों को लाभ प्राप्त है। शेष सामान्य वर्ग (सामान्य कोटा) है जिसमें सभी को लाभ प्राप्त करने का अवसर है।

50 प्रतिशत आरक्षण एवं 50 प्रतिशत सामान्य वर्ग (सामान्य कोटा) के कारण विभिन्न सरकारी नौकरियाँ एवं विभिन्न स्तर पर शिक्षा में सम्बन्धित जाति को उनका लाभ मिलता है। भारत में रोज़गार की जिस प्रकार की माँग है एवं शिक्षा की भी माँग है उसकी तुलना में आज स्थान उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए करोड़ों हिन्दू बेरोज़गार भी हैं और शिक्षा विहीन भी हैं।

आन्ध्र की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने मुस्लिमों को शिक्षा एवं रोज़गार में 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया है। आन्ध्र उच्च न्यायालय ने तीन बार निरस्त किया है। फिर भी आन्ध्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में जाकर हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध स्टे लिया है और उच्चतम न्यायालय में केस विचाराधीन है।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय केन्द्र सरकार के धन से चल रहा है। वहाँ सिर्फ मुस्लिम छात्रों के लिए आरक्षण घोषित है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी यह आरक्षण निरस्त किया।

बंगाल की मार्क्सवादी सरकार (ये पंथ निरपेक्ष कम्युनिस्ट हैं) ने भी मुस्लिमों के लिए शिक्षा एवं रोज़गार में 10 प्रतिशत आरक्षण घोषित कर दिया है।

केन्द्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र की अध्यक्षता में एक आयोग बैठाकर अल्पसंख्यकों की स्थिति का अध्ययन करके सरकार को उनकी स्थिति में सुधार हेतु सुझाव देने के लिए निदेश दिया था। रंगनाथ मिश्र के अनुसार देश के मुसलमान एवं ईसाई पिछड़े एवं गरीब हैं इसलिए उनको नौकरी एवं शिक्षा में आरक्षण देने का संविधान विरोधी प्रस्ताव दिया।

इस्लाम मज़हब के नाम पर मुसलमान परिवार नियोजन न स्वीकार करके, ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं, मदरसों में अपने बच्चों को भेजते हैं, आधुनिक शिक्षा स्वीकार नहीं करते हैं, यही उनकी समस्या का मूल है और इस्लाम के दकियानूसीपन के कारण ही उनकी यह स्थिति है। यदि उन्होंने इस्लाम के नाम पर ज़्यादा बच्चे पैदा करके गरीब रहना पसंद किया है तो इसकी सज़ा देश के हिन्दुओं को क्यों दी जा रही है।

देश के हिन्दू परिवार नियोजन स्वीकार करके अपने बच्चों को शिक्षा और रोज़गार का प्रयास करते हैं, परिवार नियोजन से देश की जनसंख्या सीमित करके देश के आर्थिक विकास में योगदान कर रहे हैं, इसलिए हिन्दू तो पुरस्कृत होने चाहिएं। परन्तु सरकार मुस्लिम, ईसाई आरक्षण देकर हिन्दुओं को दण्ड देने जा रही है अर्थात् संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध काम करके पुनः सत्ता पर काबिज़ होने की ज़ोरदार मुहिम छेड़े हुए हैं।

सरकार 10 प्रतिशत मुस्लिम, 5 प्रतिशत ईसाई ये 15 प्रतिशत नौकरियाँ और शिक्षा कहाँ से देगी? हिन्दुओं की नौकरियाँ और शिक्षा लूटकर देगी। हिन्दुओं की सभी अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं सामान्य कोटा के हिन्दुओं की नौकरी एवं शिक्षा लूटकर मुसलमानों और ईसाइयों को देगी।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

यदि सरकार को मुसलमान और ईसाई को 15 प्रतिशत रोज़गार एवं शिक्षा देनी होगी, तो देश की अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी की सभी जाति की नॉकरी और शिक्षा की 15 प्रतिशत नौकरियाँ एवं शिक्षा छीननी होगी। उसका अर्थ है कि हिन्दुओं की सभी जाति, जनजाति की शिक्षा और नौकरियाँ छीनने का षड्यंत्र बना है।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री पी.चिदम्बरम् एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री सलमान खुर्शीद दोनों ने घोषणा की है कि मुसलमान और ईसाई दोनों को 15 प्रतिशत आरक्षण देंगे।

देश के संविधान ने किसी भी मज़हब के आधार पर आरक्षण का विरोध किया है। इसलिए आन्ध्र का 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का मुस्लिम आरक्षण वहाँ के उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त हुआ था।

चुनौती है कि क्या बहुसंख्यक हिन्दू समाज (जिसे तोड़ने की दबाने की कोशिशें हो रही हैं) जाति, उपजाति, जनजाति और अनुसूचित जाति के हिन्दुओं की नौकरियाँ और शिक्षा छीन कर मुसलमानों एवं ईसाइयों को देने देंगे?

जनगणना 2011 में मुसलमानों की भी जातियां पूछी जानी चाहिएं जैसे शिया, सुन्नी, अहमदिया, बोहरा, कुरैशी, कसाई, सैयद, तेली, पुम्बा, जुलाहा आदि। ऐसा करने से यह पता चल सकेगा कि उनमें वास्तव में गरीब कौन हैं।

(पाठकों के पत्रों तथा समाचार पत्रों में दी गई सूचनाओं के आधार पर)

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

A wake up call to intellectuals

The Cure for Terrorism is Destruction of Talibanised Pakistan

-Subramanian Swamy

1. Islamic Infiltration

Indian mainstream media and most political parties are silent spectators when bit by bit Pak terrorists and Bangla infiltrators everyday are placing the nation today invade demographically in tight pincer. Indian integrity is slowly being destroyed by fanatic infiltrators from Bangla Desh and *jihadi* terrorists from Pakistan.

We are today in an Islamic pincer attack, and we need a counter strategy to safeguard our ancient Hindu civilization, which when all is said and done is the target of *jihadi* and fanatic Muslims. We cannot rest with government's assurance that they will evict infiltrators from India. No infiltrator despite the Supreme Court's judgments, has been deported by the government. Rather, instead of being deported, infiltrators are being given voting rights!

Hindustan originally comprised the present day India, Iran, Pakistan, Bangladesh, Nepal and Afghanistan. It may be recalled that Kaikeyi was from Iran, while Gandhari was from Afghanistan. It was a 100% Hindu land till Muhammad bin Qasim's Arab army attacked Sindh in 711.

Despite fighting valiantly to defend their *dharma* and motherland during repeated Muslim invasions for over a thousand years, Hindus lost Afghanistan in 987, Iran in 1011; and present day Pakistan and Bangladesh in 1947 to Muslims After 1947, truncated India i.e. Bharat has seen genocide and eviction of Hindus from Muslim majority Kashmir.

Alert Hindus today apprehend that because of higher Muslim population growth rate and infiltration from Bangladesh, they will be outnumbered soon by Muslims (in a few decades) and face the same fate of Hindus in Afghanistan, Pakistan and Bangladesh, which also was a land of Hindu.

Hindu civilisation today is a demographically challenged civilisation. Many districts in India bordering Bangladesh have seen abnormal increase in Muslim population because of infiltration.

By its judgment dated July 12, 2005, Supreme Court had struck down the Illegal Migrants (D.T.) Act, 1983 as unconstitutional; and termed Bangladeshi infiltration as "external aggression" and directed that "Bangladeshi nationals who have trespassed into Assam or are living in other parts of the country have no legal right of any kind to remain in India and they are liable to be deported."

But, instead of deporting the infiltrators, on February 10, 2006, UPA government brought in the Foreigners (Tribunals for Assam) Order to nullify the apex Court's judgment. On December 5, 2006, Supreme Court quashed this Order also as unconstitutional, and called for implementation of its earlier judgment dated July 12, 2005 for deporting illegal immigrants.

Despite this judgments, hardly any no infiltrator has been deported by the government those that were, just cranked back Instead of being deported, infiltrators are being quietly

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

acquiring voting rights, since, the government is busy with terrorist and infiltrator-friendly ‘confidence building measures’ like soft borders, peace talks, Indo-Pak and Indo-Bangladesh bus and rail links, which are bringing more and more Pak-Bangla nationals into India everyday.

It is ironic that despite repeated waves of foreign invaders for over 1,200 years, Hindus resisted converting to Islam and Christianity. That is why we are still 83% Hindus in today’s India and 75% Hindus in Akhand Hindustan. But now we are forgetting our past valour and grit, and instead acquiescing in a demographic invasion by Muslims from abroad. Hindustan’s true identity as a continuing Hindu civilization is under threat today.

2. Islamic Terrorism

What did the despicable terror and mayhem in Mumbai on November 26th signify for India? Shorn of the human tragedy, wanton destruction, and obnoxious audacity of the terrorists, it fundamentally signifies a challenge to the true identity of India from radical Islam securely based in Pakistan. Pakistan is a Muslim majority country and therefore by definition cannot be a secular peace loving country. It is to be regarded instead as Darul Islam where minorities have no place. Islam commands Muslims of Darul Islam to wage jihad, and hence India will continue to be attacked by terrorists from Pakistan. To end this patriotic Indians must force them to sign a Al Takkiya contract. For this Indians must not permit any area of India, from State to District to Town panchayat, to be a Muslim majority area because then it will become a breeding ground for Jihad based terror. A nationalist government must ensure a population re-settlement to make this happen. In Kashmir, the Indian government must resettle 10 lakh ex-service personnel of the armed forces to reconstruct the population ratio of Hindus in Kashmir.

Secular intellectuals may wax eloquent about the “true Islam” being humane and peaceful on TV programmes, but it is clear that they have not read any authoritative translations of the *Koran*, *Sira* and *Hadith* which three holy books together constitute the theology of Islam. Together these are a complete menu of intolerance of peoples who are not Muslim, derisively labeled as *kafirs* and *dhimmis*.

Hence instead of talking about the “correct interpretation” of Islam, those who call themselves as ‘moderates’ in the Islamic community, ought instead to urge for a new reformed Islamic theology that is consistent with democratic principles. Of course, then like Salman Rushdie and Taslima, they will have to run for over to escape fanatic murderous Muslims.

In 2003, two years after the 9/11 perfidious Islamic assault on USA, resulting in killing of more than 3000 persons within two hours, and which crime of terror was perpetrated by leveraging the democratic freedoms in USA, the Saudi Arabian Embassy in the website of its Islamic Affairs Department [www.iad.org] laid down what a “good” Muslim is expected to do. In that site it is stated:

“The Muslims are required to raise the banner of *Jihad* in order to make the Word of *Allah* supreme in this world, to remove all forms of injustice and oppression, and to defend the Muslims. If Muslims do not take up the sword, the evil tyrants of this earth will be able to continue oppressing the weak and helpless”

The above quote is what in substance is being taught in every *madrassa* in India, and can be traced back to the sayings of Prophet Mohammed. I can quote a plethora of verses

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

from a Saudi Arabian translated Koran[e.g., verses 8:12, 8:60, and 33:26] which verses justify brutal violence against non-believers. If I delved into *Sira* and *Hadith* for more quotes, then I could risk generating unbearable shock, so it will suffice to say that Islam is not only a theology, but it spans a brutal political ideology which we have to combat in realm of ideas sooner or later.

Some may quote back at me verses from Manusmriti about brutality to women and scheduled castes. But as a Hindu I have the liberty to disown these verses if such verses exist[since it is a Smriti] and even to seek to re-write a new smriti as many, for example, Yajnavalkya have done to date.

Reform and renaissance is thus inbuilt into Hinduism. But in Islam, the word of the Prophet is final. No true Muslim can disown these verses, or say that they would re-write the offensive verses of the Koran. If they do, then they would have to run for their lives. Leave alone re-writing, if anyone draws a cartoon of Prophet Mohammed, there will follow world-wide violent rioting. But if Hussein draws Durga in the most pornographic posture, the Hindus will only groan but not violently rampage.

We Hindus have a long recognized tradition of being religious liberals by nature. We have already proved it enough by welcoming to our country and nurturing Parsis, Jews, Syrian Christians, and Moplah Muslim Arabs who were persecuted elsewhere, when we were 100% Hindu country. But today's systematic infiltration of Muslims from Bangla Desh and Pakistan is not because of persecution, but for *Jihad*.

Despite a 1000 years of most savage brutalization of Hindus by Islamic invaders and self demeaning brain washing by the Christians, even then, Hindus as a majority in 1947 had adopted secularism as a creed. We have not asked for an apology and compensation for these past atrocities. But the position of Hindus in this land of Bharatmata, where Muslims and Christians locally are in majority, in pockets—such as in Kashmir and Nagaland, or in small enclaves such as town panchayats of Tamil Nadu, is terrible and despicable. Even in Kerala where Hindus are 52% of the population, they have only 25% of all the prime jobs in the state, and are silently suffering their plight at the hands of 48% who vote as a vote bank. This factor make infiltration and change in the population ratio lethal for our civilization.

If we do not stand up now to this Islamic explicit and terrorism and implicit then India will end up like Beirut, a permanent battlefield of international terrorists, buccaneers, pirates and missionaries, or in the end a Darul Islam of Muslim majority.

This means we have to deal squarely with the incubator of Islamic terror namely Pakistan. Today Pakistan's civil and democratic society is impotent. They are paying the price of Benazir Bhutto who as Prime Minister helped Taliban to strike roots and infected Kashmir with the call for "azadi". Time has come for us to stand up against all this.

3. A Possible Solution

What does it mean in the 21st century for Hindus to stand up? I mean by that a mental clarity of the Hindus to defend themselves by effective deterrent retaliation, and also an intelligent co-option of other religious groups into the Hindu cultural continuum.

Mental clarity can only come if we are clear about the identity of the nation. What is India? An ancient but continuing civilization or is it a geographical entity incorporated in 1947 by the Indian Independence Act of the British Parliament? What then does it means to say "I am an Indian"? A mere passport holder of the Republic of India or a descendent

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

of the great seers and visionaries of more than 10,000 years? Obviously our identity should be of a nation of an ancient and continuing Hindu civilization, legatees of great rishis and munis, and a highly sophisticated Sanatana philosophy.

If Hindu culture is our defining identity then how can we co-opt non-Hindus, especially Muslims and Christians? By persuading them by saam, dhaam, bheda and dand that they acknowledge with pride the truth: that their ancestors are Hindus. If they do, then it means that they accept Hindu culture and its liberal enlightened mores. That is, change of religion to Islam does not mean change from Hindu culture. Then we should treat such Muslims and Christians as part of our Brihad Hindu family, and even welcome them to re-convert.

Noted author and editor M.J. Akbar calls this identity as of "Blood Brothers". It is an undeniable fact that Muslims and Christians in India are descendents of Hindus. In a recent article in the American Journal of Physical Anthropology, an analysis of genetic samples[DNA] show that Muslims in north India are overwhelmingly of the same DNA as Hindus proving that Muslims here are descendents of Hindus who had been converted to Islam, rather repositories of foreign DNA deposited by waves of invaders. Of course for Southern India Muslims, we do not need a DNA test to learn this. It is obvious.

Akbar thus asks rhetorically: "When have the Muslims of India gone wrong?" and answers: "When they have forgotten their Indian roots". How apt! Enlightened Muslims like Akbar therefore must rise to the occasion and challenge the reactionary religious fundamentalists. That is, India is not Darul Harab to be trifled with. It is in the interest of the Muslims of India to accept this reality. Hindus must persuade by the time-honoured methods, the Muslims and Christians to accept this and its logical consequences.

This identity was not understood by us earlier because of the distorted outlook of Jawarharlal Nehru who occupied the Prime Minister's chair for seventeen formative years after 1947 and for narrow political ends, had fanned a separatist outlook in Muslims and Christians.

Without a resolution of the identity crisis today, which requires an explicit clear answer to this question of who we are, the majority will never understand how to relate to the legacy of the nation and in turn to the minorities. Minorities would not understand how to adjust with the majority if this identity crisis is not resolved. In other words, the present dysfunctional perceptional mismatch in understanding who we are as a people, is behind most of the communal tension and inter-community distrust in the country and our failure to deal with Pakistan.

To deal with Islamic terrorism and infiltration and culturally assimilate Muslims of India. India thus needs a Hindu renaissance that incorporates modern principles, e.g., of the irrelevance of birth antecedents, fostering gender equality, ensuring equality before law, and accountability for all. It is also essential to integrate the entire Indian society on those principles, irrespective of religion. Uniform civil code for example, is something that the vast majority of Muslim women want. But the Muslims think that this is the first step in several to subjugate them or wipe out their identity. But Muslims have quietly accepted Uniform Criminal Code[the IPC] even though it contradicts the *Sharia*.

In other words, Hindutva has two components—one that Hindus can accept[such as caste abolition, eradication of dowry etc.] without any other religion's interests to

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

consider. The other is the embracing by minorities of the core secular Indian values which have Hindu roots. This would require, particularly Muslims and Christians, to acknowledge that their ancestry is Hindu, and thus own the entire Hindu past as their own legacy, and to thus tailor their outlook on that basis. This would integrate Indian society and make the concept of an inclusive[Brihad] Hindutva and rooted in India's continuing civilization.

Once Indianness means Virat Brihad Hindutva, we can tackle terrorism of Pakistan by an effective strategy of defence. The components of that strategy has to be formed by taking Pakistan as a failed state, a sponsor of terrorism, and hence, we need to dismember it unless there is evidence that Pakistan's civil society is ready to reform Islam in keeping with modern principles of civilisational values and age old dharma of Akhand Hindustan.

We can manage infiltration from Bangla Desh by either assimilation into the Hindu cultural mainstream or by asking Bangla Desh to part with territory in proportion to the Bangla Deshis in India (which is about one-third of that country), since Partition of Indian territory was on the basis of population ratio of Hindus and Muslims. Of course, Bangla Desh can avoid this by taking back their infiltrators without our having to deport them.

.....

हे ! राम

खामोश हुआ सरयू तट, अवध की आँखें भर आईं
हे मर्यादापुरुषोत्तम राम फिर वनवास की बारी आई
सरकारी कैकेयी ने अपना रूप दिखा दिया
राजनीति की खातिर तुम पर ही प्रश्न चिह्न लगा दिया
दर्द यही कि हम अपनी मातृभूमि में बेगाने हो गए
सब धर्मों का करते करते मान, अपना धर्म ही खो गए
किसी पार्टी की बात नहीं, यह पूर्वजों का अपमान है
दुनिया जिसकी गाथा गाती, सरकार मांग रही प्रमाण है
प्रमाण मांग कर देखो मोहम्मद साहब के अनुयायियों से
सिक्खों, बौद्धों, जैनियों, पारसी या ईसाइयों से
राम, कृष्ण, शिव, अम्बा, गणेश, हनुमन्त हमारे
सबको लेने होंगे क्या सरकारी प्रमाण पत्र तुम्हारे
धिक्कार तुम्हें! इस भवन की नींव को हिला दिया
अपना असली रूप आखिर तुमने दिखला दिया
धर्मनिरपेक्षता का मतलब नहीं पूर्वजों पर थूक दो
या उनके अस्तित्व को ही राजनीति में फूँक दो
रामकृष्ण नहीं थे तो यह भारत कैसे, क्यूं जिन्दा है
तुम्हारी करतूत से हर भारतवासी शर्मिन्दा है
दोबारा हलफनामा दाखिल कर, कलंक नहीं धुल पाएगा

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

आस्था पर लगी चोट को, कैसे कोई भूल पाएगा
राम हमारी संस्कृति के वह अनमोल रतन हैं
पूरी दुनिया गाथा गाती, करती जिन्हें नमन है
मिथिलावासी आज भी अवध पुरी में बेटी नहीं ब्याहते
और देश के कर्णधार जानकी-पति को ही झुठलाते
किसकी बातें करते अंग्रेज़ों ने लिखा क्या वह है इतिहास
ऋग्वेद बताता है राम के पूर्वज इक्ष्वाकु की बात
इसी इक्ष्वाकु की 65वीं पीढ़ी में राम आए थे
मर्यादा की सीमा रेखा में बंध जन-जन को भाए थे
उस ऋग्वेद को तुम्हारे अंग्रेज़ भी सबसे पुराना मानते हैं
पर ये सत्ता के दलाल इस बात को नहीं जानते हैं।
वाल्मीकि ने रामायण में जो लिखा पहले वेदों में आया है
और रामेश्वरम् का मंदिर क्यों तुम्हारे पुरखों ने बनाया है
बापू का रामराज क्या कल्पनाओं में आया था
या सत्ता के दलालों ने यह भी एक नारा बनाया था
भारत भूमि के कण कण में जिन्दा है वह नाम
हिम्मत है तो मिटा दो राजघाट से 'हे! राम'
कब तक छलोगे देश की संस्कृति को ओ राजनीति वालों !
सूरज से निष्कलंक राम को राजनीति के ग्रहण से बचा लो
कहते हैं जो अपने पूर्वजों का नहीं करता सम्मान
धरा से मिट जाता है उस पापी का नामो-निशान
तुम्हारी संतति भी कल तुम पर प्रश्न चिह्न लगाएगी
समय का चक्र है यह तो, घूम फिर कर तुम्हारी भी
बारी आएगी, तुम्हारी भी बारी आएगी।

टिप्पणी : यह कविता वसंतकुंज नई दिल्ली में दिनांक 24 जनवरी 2010 को आयोजित रामराज्य संबंधी संगोष्ठी में गाई गई।

(श्रीमती) नीलम शर्मा

बी-187/1, छत्तरपुर विस्तार, नई दिल्ली-110 074

नव संवत 2067 विक्रमी (16 मार्च 2010 से प्रारम्भ) आपको मंगलमय हो। हम सब मिलकर विश्व शान्ति और विश्वबन्धुत्व के स्वप्न को पूर्ण होता हुआ देखें।

सब तरफ हो सुरभि, मुग्ध वातावरण।
वेदना, क्लेश, संताप का हो क्षरण।
है नया वर्ष, संवत नया आ गया।
हों नये ही नये चेतना के चरण।।।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

हो प्रफुल्लित सभी आप, मैं, सृष्टि भी
हों कहीं भी दुखों की नहीं वृष्टि भी
मन प्रफुल्लित रहे, तन रहे उल्लसित
सर्वदानन्द देखें सदा दृष्टि भी।।

मंगलमय हो मानव जीवन सबका अन्तर
मंगलमय हो यह देश, ग्राम, घर और नगर
हर तरफ दृष्टि, मंगल, मंगल, मंगल देखे
शुभ हो, सुन्दर हो यह मंगलमय संवत्सर।।

सारे ही स्वप्न अपूर्ण पूर्ण हो जाएं बन्धु !
दुख, कष्ट, क्लेश, सन्ताप चूर्ण हो जाएं बन्धु!
नव संवत्सर में नयी चेतना जाग उठे
सुख शान्ति सुरभिमय विश्व पूर्ण हो जाएं बन्धु!

डॉ. रामसनेहीलाल शर्मा 'यायावर' डी.लिट.,
86, तिलक नगर, बाईपास रोड, फीरोजाबाद, उ.प्र.

सांस्कृतिक गौरव संस्थान

'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' - एक रिपोर्ट

सांस्कृतिक गौरव संस्थान के तत्वावधान में 'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' विषय पर हरिद्वार में पावन महाकुंभ के अवसर पर दिनांक 10-11 अप्रैल 2010 को आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का विवरण

भगवान् श्रीरामचन्द्र जी की प्रेरणा से संस्थान की ओर से 'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' विषय पर पहली संगोष्ठी दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब में 5 अप्रैल 2008 को बड़े भव्य रूप में हुई थी। उसके पश्चात् निम्नलिखित नगरों में गोष्ठियां हुई :- कोच्चि, मुंबई, भोपाल, गाज़ियाबाद, हापुड़, मुजफ्फरनगर, देवबंद, अलीगढ़, ठाकुरद्वारा, हरिद्वार, सोनीपत, चांदपुर, नोएडा, द्वारका (दिल्ली), देहरादून, काशीपुर, उझानी, नानौता, कसौली, साढौली कदीम, छुटमलपुर, संदेश विहार (दिल्ली), वसंत कुंज, कैलाश अस्पताल (नोएडा), डासना आदि। अब तक 38 संगोष्ठियां हुई हैं।

हमें यह सूचित करते हुए आनंद की अनुभूति हो रही है कि संस्थान की ओर से दिनांक 25 फरवरी 2010 के पत्र से शनिवार, रविवार दिनांक 10 और 11 अप्रैल 2010 को पावन महाकुंभ के अवसर पर इस अभियान

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

के तहत दो-दिवसीय गोष्ठी के आयोजन की सूचना आजीवन सदस्यों और न्यासियों आदि को दी गई और उन्हें वहाँ गोष्ठी में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया गया। तदनुसार सुमेरु पीठ काशी के श्रद्धेय जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज ने 10 अप्रैल 2010 की गोष्ठी के उद्घाटन का हमारा अनुरोध स्वीकार किया और वे निर्धारित समय के अनुसार शनिवार की प्रात: काल 9.30 बजे सुमेरु पीठ के ही भव्य पंडाल में उद्घाट्न हेतु पधारे। उनके साथ अनेक साधुसंत भी मंच पर आसीन हुए। बड़े आनंद का विषय है कि उद्घाट्न के अवसर पर लगभग 400-450 तीथीयात्री, माताएं-बहनें आदि साथ-साथ अनेक साधुसंत इस गोष्ठी में महाराजश्री के व्याख्यान और दर्शनों के लिए उपस्थित हुए। यह बताया गया है कि सुमेरु पीठ काशी की स्थापना स्वयं आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आज से लगभग 2509 वर्ष पहले की थी जब वे वहाँ अध्ययनार्थ पहुँचे थे और काशी में वास किया था।

संस्थान के उत्तराखण्ड और हिमाचल के संयोजक श्री चित्रमणि ने संस्थान के न्यासियों द्वारा महाराजश्री सहित सब साधुसंतों का फूलमालाओं से स्वागत कराया। महामंत्री डॉ. महेश चन्द्र, लखनऊ से आए डॉ. रवीश, डासना के प्राचीन चंडी देवी मंदिर के महन्त यति नरसिंहानन्द सरस्वती जी, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा तथा काशीपुर से आए आर्यायन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री शरद चन्द्र (अधिवक्ता) और अलीगढ़ से आए संस्थान के न्यासी श्री माधवस्वरूप मित्तल आदि ने हार्दिक स्वागत किया।

आरंभिक भाषण में **संस्थान के महामंत्री डॉ. महेश चन्द्र** ने 'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' अभियान की आवश्यकता बताई और यह भी बताया कि उक्त अभियान पिछले दो वर्षों से चल रहा है जिसमें हज़ारों देशवासियों ने भाग लिया है। देश में शासकवर्ग लगभग पूरा ही भ्रष्ट हो गया है और शासनतंत्र संवेदनहीनता की जकड़ में है और ये सब कर्तव्यों के पालन से जी चुराने लगे हैं, जबकि भगवान् श्रीराम चन्द्र स्वयं कर्तव्यों का पालन करते थे और दूसरों से करवाते भी थे, इसलिए संविधान के अनुच्छेद 51क में वर्णित भारत के नागरिकों के कर्तव्यों के पालन के उच्चतम प्रतीक भगवान् श्रीराम चन्द्र जी ही हो सकते हैं, इसलिए महात्मा गांधी जी द्वारा घोषित रामराज्य की स्थापना का यह अभियान छेड़ा गया है।

जगद्गुरु स्वामी नरेन्द्रानंद जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में समस्त उपस्थित तीर्थयात्रियों का आवाह्न किया कि वे सब धर्म का पालन करें और अधर्म के विनाश के लिए एक-जुट होकर उठ खड़े हों। उन्होंने धर्म के लक्षणों का विवेचन किया और बताया कि दूसरों के हित के काम और दूसरों को सुख पहुँचाने के काम धर्म की श्रेणी में आते हैं जबकि दूसरों को दुख देने वाले और दूसरों के नाश के किए जाने वाले काम अधर्म की श्रेणी में आते हैं, इसलिए देश की जनता को अधर्म के विनाश के लिए खड़ा हो जाना चाहिए। उन्होंने यह बताया कि श्रीराम चन्द्र विश्व के सर्वोत्तम आदर्श हैं, जिन्होंने संपूर्ण पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और धर्म के विरुद्ध काम करने वाले दुष्टों का संहार किया, इसलिए भारत भूमि को संत्रास देने वाले अफजल गुरु, अजमल कसाब जैसे धर्मद्रोहियों को लालकिले (दिल्ली), और मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के सामने लटकाकर लोहे की गर्म सलाखों से उनके शरीर को नोच कर उन्हें दंडित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई धर्मद्रोही हिन्दुस्थान की तरफ दुष्टतापूर्ण दृष्टि न डाल सके।

महाराजश्री के आशीर्वाद के पश्चात् प्रथम और द्वितीय सत्र में उसी दिन यति नरसिंहानंद सरस्वती जी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जी, शरद् चन्द्र जी (अधिवक्ता) चित्रमणि जी आदि ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए श्रीरामराज्य की स्थापना के महाभियान में तन-मन-धन से लग जाने की प्रेरणा दी। इन वक्ताओं ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से जन-समुदाय में उत्साह का संचार किया। चित्रमणि जी ने गंगा की दुर्दशा और गोवंश के विनाश की दुर्भाग्यपूर्ण अवस्था का गंभीर चित्रण किया जिससे जन-समुदाय में हलचल मच गई। **यति**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

नरसिंहानन्द सरस्वती ने अपने उद्‌बोधन में भारत के विशाल क्षेत्र में जिहादी आतंकवादियों द्वारा हिन्दू कन्याओं के अपहरण की गंभीर और तथ्यपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने देशवासियों को 'लविंग जिहाद' करने वाले आतंकवादियों से निरंतर सतर्क रहने की प्रेरणा दी। सायंकाल लगभग 5 बजे पहले दिन की संगोष्ठी का महाराजश्री और अन्य सब संतों, प्रतिभागियों का धन्यवाद देते हुए समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि बीच-बीच में हर हर महादेव, श्रीराम जय राम जय जय राम और जगद्‌गुरु शंकराचार्य की जय के गगनभेदी नारे लगते रहे तथा गंगामाता, गौ माता की जय के साथ पहले दिन का कार्यक्रम संपूर्ण हुआ।

रविवार दिनांक 11 अप्रैल 2010

भगवान् श्रीराम चन्द्र जी की असीम कृपा से रविवार को भी काशी सुमेरु पीठ के जगद्‌गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद जी महाराज अपने सिंहासन पर प्रात: काल विराजमान हो गए। उनके पधारते ही पंडाल में उपस्थित सैंकड़ों रामभक्त और रामराज्य की स्थापना के संबंध में प्रवचन सुनने को आतुर तीर्थयात्री उत्साहित होकर हर-हर महादेव, जयश्रीराम और जगद्‌गुरु शंकराचार्य की जय के नारे लगाने लगे। महाराजश्री और अन्य महात्माओं के पुष्पमालाओं से स्वागत के पश्चात् दूसरे दिन की संगोष्ठी आरंभ हुई।

सर्वप्रथम महामंत्री डॉ. महेश चन्द्र ने महाराजश्री की अनुमति लेकर सरल शब्दों में धर्म और अधर्म की व्याख्या की। उन्होंने **गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के परहित सरिस धर्म नहिं भाई** वचनों का उल्लेख करते हुए धर्म की परिभाषा बताई। गोस्वामी तुलसीदास जी ने दूसरों की भलाई को सर्वोपरि धर्म बताया। महामंत्री ने अधर्म को भलीभांति परिभाषित किया और बताया कि यूरिया से नकली दूध बनाना, देसी घी के नाम पर घातक चर्बी युक्त घी परोसना/बेचना, पशुओं और गउओं का संहार करना ताकि अत्याचारी मानव अपना पेट भर सके, दूसरों के साथ धोखा करना और बिना परिश्रम के धन इकट्ठा करने की कोशिश करना ये सब अधर्म के रूप हैं, इनके विपरीत प्राणी मात्र के भलाई के काम धर्म हैं और इसलिए भगवान् श्रीराम चन्द्र जी ने अधर्म का नाश किया और धर्म की स्थापना की, इसलिए भगवान् रामचन्द्र जी का राज्य भूमण्डल में सर्वोत्तम राज्य था।

महाराजश्री ने अपने प्रवचन में यह बताया कि समस्त भूमण्डल में सामाजिक/आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और राजनीतिक मूल्यों की स्थापना करने वाले श्रीराम चन्द्र जी ने सर्वांगपूर्ण न्यायकारी शासन की स्थापना की। वे समस्त पृथ्वी के नियंता होते हुए भी अत्यंत विनम्र और लोकतंत्रीय प्रणाली के न केवल जन्मदाता बल्कि प्रतिष्ठापक भी हैं। उन्होंने समस्त प्राणियों के प्रति सद्‌भावना का वातावरण उत्पन्न करने के साथ-साथ मानव जाति में परस्पर सौहार्द तथा सामंजस्य का नया वातावरण उत्पन्न किया, वे मर्यादाओं की स्थापना करने वाले पुरुषोत्तम हैं, इसलिए सांस्कृतिक गौरव संस्थान ने 'उठो और रामराज्य की स्थापना करो' का जो अभियान आरंभ किया है, हम ऐसे अभियान का स्वागत करते हैं और संस्थान को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं, कि संस्थान अपने संकल्प में आगे बढ़ने में सफल हो।

महाराजश्री के प्रस्थान करने के पश्चात् संगोष्ठी जारी रही और प्राचीन चण्डी मंदिर डासना के महंत यति नरसिंहानन्द सरस्वती ने उपस्थित जनसमूह को विकट परिस्थितियां देखते हुए सतर्क रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अनेक उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार कृषि कार्य के लिए कम से कम 4 संतानें चाहिए और राष्ट्र की सेना को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक परिवार से एक-एक पुत्र देश की रक्षा के लिए सुलभ होना चाहिए। यति जी ने मुस्लिम समाज की अंधाधुंध बढ़ती हुई जनसंख्या और उस पर किसी प्रकार की रोक न होने के फलस्वरूप देश में आसन्न खतरे का संकेत भी किया। उनके आवाहन के पश्चात् लखनऊ से आए **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रवीश** ने भी सबको तैयार होकर देश की रक्षा के लिए और समाज में समरसता पैदा करने के लिए लगातार कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। **काशीपुर के श्री शरद्‌चन्द्र अधिवक्ता, अलीगढ़**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

के **श्री माधव स्वरूप मित्तल और उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा** ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने रामराज्य की स्थापना के लिए समाज में समरसता, समन्वय और आलस्य के त्याग की आवश्यकता बताई और निरंतर देश में परिश्रम करके देश को आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से मज़बूत बनाने की वकालत की। संस्थान के उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश के संयोजक **श्री चित्रमणि** ने बड़े मार्मिक शब्दों में महाराजश्री सहित साधुसंतों, वक्ताओं और उपस्थित तीर्थयात्रियों का धन्यवाद किया और उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश में आगे अनेक नगरों में गोष्ठियां कराने का संकल्प व्यक्त किया। एकात्मता मंत्र के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

महामंत्री

सांस्कृतिक गौरव संस्थान

जलहीन होती जा रही हैं नदियां

बीते दिनों यह तथ्य सामने आया कि उत्तराखण्ड के टिहरी जिलान्तर्गत **खेतलिंग ग्लेशियर** से निकलने वाली नदी भागीरथी को सहायक नदी **भिलंगना** से पिछले तीन वर्षों से पानी घट कर आधा रह गया है और यह सूखने के कागार पर पहुँच गई है। इससे नदियों पर बांध बनाकर बिजली पैदा करने वाली कंपनियों के होश उड़े हुए हैं। वैज्ञानिक इसे ग्लोबल वार्मिंग का असर बता रहे हैं। भिलंगना ही नहीं, अन्य अनेक नदियों भी प्रदूषण के कारण मरने के कगार पर हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एक अध्ययन में कहा गया है कि देशभर के 900 से अधिक शहरों और कस्बों का 70 फीसद गंदा जल पेयजल की प्रमुख स्रोत नदियों में बिना शोधन के छोड़ दिया जाता है। 2008 तक के आंकड़ों के मुताबिक, ये शहर और कस्बे प्रतिदिन 38,254 मिलियन लीटर गंदा पानी छोड़ते हैं जबकि ऐसे पानी के शोधन की क्षमता महज 11,787 मिलियन लीटर प्रतिदिन ही है। नदियों को प्रदूषित करने में उद्योगों की प्रमुख भूमिका है।

आज देश की 70 फीसद नदियां प्रदूषित हैं। इनमें **गुजरात की अमलाखेड़ी, साबरमती और खारी, हरियाणा की मारकंदा, मध्यप्रदेश की खान, उत्तर प्रदेश की काली और हिंडन, आंध्र की मुंसी, दिल्ली में यमुना और महाराष्ट्र की भीमा जैसी 10 नदियां सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं।** गर्मी का मौसम आते-आते अनेक नदियां कहीं सूख जाती हैं और कहीं वह नाले का रूप धारण कर लेती हैं। जो पानी इन नदियों में होता भी है, वह किसी भी रूप में पीने लायक नहीं।

चाहे नदी जल हो या भूजल, जंगल हो या पहाड़, सभी का दोहन करने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का खामियाजा सबसे ज्यादा नदियों को ही भुगतना पड़ा है। सर्वाधिक पूज्य धार्मिक नदी गंगा, यमुना को लें, उनको हमने इस सीमा तक प्रदूषित कर डाला है कि दोनों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अब तक करीब 15 अरब रुपये खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी उनकी हालत 20 साल पहले से ज्यादा बदतर है। मोक्षदायिनी राष्ट्रीय नदी गंगा को मानवीय स्वार्थ ने इतना प्रदूषित कर डाला है कि कन्नौज, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी और पटना सहित कई जगहों पर उसका जल आचमन लायक भी नहीं रहा है। यदि धार्मिक भावना के वशीभूत उसमें डुबकी लगा ली तो त्वचा रोग के शिकार हुए बिना नहीं रहेंगे। कानपुर से आगे का जल पित्ताशय के कैंसर और आंत्रशोध जैसी भयंकर बीमारियों का बड़ा कारण बन गया है। **यही नहीं, कभी खराब न होने वाला गंगा जल का खास लक्षण-गुण भी अब खत्म होता जा रहा है।** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रो. बी.डी.जोशी के निर्देशन में हुए शोध से यह प्रमाणित हो गया है।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

यमुना आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है। अपने 1376 कि.मी. लम्बे रास्ते में मिलने वाली कुल गंदगी का अकेले 2 फीसद यानी 22 कि.मी. के रास्ते में मिलने वाली 79 फीसद दिल्ली की गंदगी यमुना को जहरीला बनाने के लिए काफी है। यमुना की सफाई को लेकर भी कई परियोजनाएं बन चुकी हैं और उसको टेम्स बनाने का नारा भी लगाया जा रहा है लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात रहे हैं। यमुना दिनोंदिन गंदे नाले में बदल रही है।

देश की प्रदूषित हो चुकी नदियों को साफ करने का अभियान पिछले लगभग 20 वर्षों से चल रहा है। इसकी शुरूआत 1986 के लगभग ही तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर गंगा सफाई अभियान से हुई थी। इस काम में अब तक अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन असलियत में अब भी शहरों और कस्बों का 70 फीसद गंदा पानी बिना शोधित किए हुए ही इन नदियों में गिराया जा रहा है।

नर्मदा को लें, अमरकंटक से शुरू होकर विंध्य और सतपुड़ा की पहाड़ियों से गुजरकर अरब सागर से मिलने तक कुल 1,289 कि.मी. की यात्रा में इसका अथाह दोहन हुआ है। 1980 के बाद शुरू हुई इसकी बदहाली के गंभीर परिणाम सामने आए। **यही दुर्दशा बैतूल जिले के मुलताई से निकलकर सूरत तक जाने वाली और आखिर में अरब सागर में मिलने वाली ताप्ती की भी है। तमसा नदी बहुत पहले विलुप्त हो गई थी। बेतवा की कई सहायक नदियों की छोटी-बड़ी जल धाराएं भी सूख गई हैं।** जब हिमालयी भूभाग में बहने वाली गंगा की प्रमुख सहायक नदी भागीरथी का लंबा भाग सूखकर बालू में तब्दील हो गया हो, गंगोत्री से निकलने वाली भिलंगना, अस्सीगंगा, अलकनंदा की कई जल धाराएं सूख चुकी हों तो भावी जल संकट के खतरे का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

आज नदियां मलमूत्र विसर्जन का माध्यम और जलस्रोत नरककुंड बनकर रह गए हैं, अंधाधुंध विकास का परिणाम नदी और भूजल के प्रदूषण के रूप में सामने आया है, बढ़ती आबादी के कारण जल उपयोग में बढ़ोतरी हुई है, भूजल के दोहन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और पानी में खारेपन की समस्या विकराल होती जा रही है। ये समस्याएं जल संकट को और गहराएंगी। ऐसी स्थिति में हमारे नीति-नियंता नदियों के पुनर्जीवन की उचित रणनीति क्यों नहीं बना सके हैं, जल के बड़े पैमाने पर दोहन के बावजूद उसके रिचार्ज की व्यवस्था क्यों नहीं कर सके हैं, वर्षा जल का संग्रह क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दिनांक 23 मार्च 2010 से साभार

सन् 1857 की क्रांति का प्रथम शहीद : मंगल पाण्डे

*राम शिव मूर्ति यादव**

कहा जाता है कि पूरे देश में एक ही दिन 31 मई 1857 को क्रांति आरंभ करने का निश्चय किया गया था, पर 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी के सिपाही मंगल पाण्डे (19 जुलाई 1827 - 8 अप्रैल 1857) की विद्रोह से उठी ज्वाला वक्त का इंतज़ार नहीं कर सकी और प्रथम स्वाधीनता संग्राम का आगाज़ हो गया। मंगल पाण्डे को 1857 की क्रांति का पहला शहीद सिपाही माना जाता है।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

29 मार्च 1857, दिन रविवार – उस दिन जनरल जान हियर्से अपने बंगले में आराम कर रहा था कि एक लेफ्टिनेंट बद्हवास-सा दौड़ता हुआ आया और बोला कि देसी लाइन में दंगा हो गया है। खून से रंगे अपने घायल लेफ्टिनेंट की हालत देखकर जनरल हियर्से अपने दोनों बेटों को लेकर 34वीं देसी पैदल सेना की रेजीमेंट के परेड मैदान की तरफ दौड़ा। उधर धोती जैकेट पहने 34वीं देसी पैदल सेना का **जवान मंगल पाण्डे नंगे पाँव ही एक भरी बन्दूक लेकर क्वाटर गार्ड के सामने बड़े ताव में चहलकदमी कर रहा था** और रह-रह कर अपने साथियों को ललकार रहा था –"अरे ! अब कब निकलोगे ? तुम लोग अभी तक तैयार क्यों नहीं हो रहे हो? ये अंग्रेज हमारा धर्म भ्रष्ट कर देंगे। आओ, सब मेरे पीछे आओ। हम इन्हें अभी खत्म कर देते हैं।" लेकिन अफसोस किसी ने उसका साथ नहीं दिया। पर मंगल पाण्डे ने हार नहीं मानी और अकेले ही अंग्रेजी हुकूमत को ललकारता रहा। तभी अंग्रेज सार्जेंट मेजर जेम्स थार्नटन ह्यूसन ने मंगल पाण्डे को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। यह सुन **मंगल पाण्डे का खून खौल उठा और उसकी बन्दूक गरज उठी। सार्जेंट मेजर ह्यूसन वहीं लुढ़क गया।** अपने साथी की यह स्थिति देख घोड़े पर सवार लेफ्टिनेंट एडजुटेंट बेम्पडे हेनरी वॉग मंगल पाण्डे की तरफ बढ़ता है, पर इससे पहले कि वह उसे काबू कर पाता, मंगल पाण्डे ने उस पर गोली चला दी। दुर्भाग्य से गोली घोड़े को लगी और वॉग नीचे गिरते हुए फुर्ती से उठ खड़ा हुआ। अब दोनों आमने-सामने थे। इस बीच मंगल पाण्डे ने अपनी तलवार निकाल ली और पलक झपकते ही वॉग के सीने और कन्धे को चीरते हुए निकल गई। तब तक जनरल जॉन हियर्से घोड़े पर सवार परेड ग्राउण्ड में पहुँचा और यह दृश्य देखकर भौचक्का रह गया। **जनरल हियर्से ने जमादार ईश्वरी प्रसाद को हुक्म दिया कि मंगल पाण्डे को तुरन्त गिरफ्तार कर लो पर उसने ऐसा करने से मना कर दिया। तब जनरल हियर्से ने शेख पल्टू को मंगल पाण्डे को गिरफ्तार करने का हुक्म दिया। शेख पल्टू ने मंगल पाण्डे को पीछे से पकड़ लिया।** स्थिति भयावह हो चली थी। मंगल पाण्डे ने गिरफ्तार होने से बेहतर मौत को गले लगाना उचित समझा और बन्दूक की नाली अपने सीने पर रख पैर के अंगूठे से फायर कर दिया। लेकिन होनी को कुछ और ही मंज़ूर था, सो मंगल पाण्डे सिर्फ घायल होकर ही रह गया। तुरन्त अंग्रेजी सेना ने उसे चारों तरफ से घेर कर बन्दी बना लिया और मंगल पाण्डे के कोर्ट मार्शल का आदेश हुआ। **अंग्रेज़ी हुकूमत ने 6 अप्रैल को फैसला सुनाया कि मंगल पाण्डे को 18 अप्रैल को फांसी पर चढ़ा दिया जाए। पर बाद में यह तारीख 8 अप्रैल कर दी गई ताकि विद्रोह की आग अन्य रेजिमेण्टों में भी न फैल जाए।** मंगल पाण्डे के प्रति लोगों में इतना सम्मान पैदा हो गया था कि बैरकपुर का कोई जल्लाद फाँसी देने को तैयार नहीं हुआ। नतीजतन कलकत्ता से चार जल्लाद बुलाकर मंगल पाण्डे को 8 अप्रैल 1857 को फाँसी पर चढ़ा दिया गया। मंगल पाण्डे को फाँसी पर चढ़ाकर अंग्रेजी हुकूमत ने जिस विद्रोह की चिंगारी को खत्म करना चाहा, वह तो फैल ही चुकी थी और देखते ही देखते इसने पूरे देश को अपने आगोश में ले लिया।

14 मई 1857 को गर्वनर जनरल लार्ड वॉरेन हेस्टिंग्स ने मंगल पाण्डे का फांसीनामा अपने आधिपत्य में ले लिया अर्थात् 8 अप्रैल 1857 को बैरकपुर, बंगाल में मंगल पाण्डे को प्राण दण्ड दिए जाने के ठीक सवा महीने बाद, जहाँ से उसे कलकत्ता के फोर्ट विलियम कॉलेज में स्थानान्तरित कर दिया गया था। सन् 1905 के बाद जब लार्ड कर्जन ने उड़ीसा, बंगाल, बिहार और मध्य प्रदेश की थल सेनाओं का मुख्यालय बनाया गया तो मंगल पाण्डे का फांसीनामा जबलपुर स्थानान्तरित कर दिया गया। जबलपुर के सेना आयुध कोर के संग्रहालय में मंगल पाण्डे का फांसीनामा आज भी सुरक्षित रखा है। इसका हिन्दी अनुवाद निम्नवत् है :-

बाय हिज़ एक्सीलेन्सी

द कमान्डर इन चीफ, हेड क्वार्टर्स, शिमला

18 अप्रैल 1857

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

गत 18 मार्च 1857, बुधवार को फोर्ट विलियम्स में संपन्न कोर्ट मार्शल के बाद कोर्ट मार्शल समिति 6 अप्रैल 1857, सोमवार के दिन बैरकपुर में पुनः इकट्ठा हुई तथा पाँचवी कंपनी की 34वीं रेजीमेंट नेटिव इनफेन्ट्री के 1446 नं. के सिपाही मंगल पाण्डे के खिलाफ लगाए गए निम्नलिखित आरोपों पर विचार किया।

आरोप (1) बगावत : 29 मार्च 1857 के बैरकपुर में परेड मैदान पर अपनी रेजीमेंट की क्वार्टर गार्ड के समक्ष तलवार और राइफल से लैस होकर अपने साथियों को ऐसे शब्दों में ललकारा, जिससे वे उत्तेजित होकर उसका साथ दें तथा कानूनों का उल्लंघन करें।

आरोप (2) इसी अवसर पर पहला वार किया गया तथा हिंसा का सहारा लेते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारियों, सार्जेन्ट-मेजर जेम्स थार्नटन ह्यूसन और लेफ्टिनेंट-एडजुटेंट बेम्पडे हेनरी वॉग पर जो 34वीं रेजीमेंट नेटिव इनफेन्ट्री के ही थे, अपनी राइफल से कई गोलियाँ दागीं तथा बाद में उल्लिखित लेफ्टिनेंट वॉग और सार्जेंट मेजर ह्यूसन पर तलवार के कई वार किए।

निष्कर्ष : अदालत पाँचवी कंपनी की 34वीं रेजीमेंट नेटिव इनफेन्ट्री के सिपाही नं. 1446, मंगल पाण्डे को उक्त आरोपों का दोषी पाती है।

सजा : अदालत पाँचवी कंपनी की 34वीं रेजीमेंट नेटिव इनफेन्ट्री के सिपाही नं. 1446, मंगल पाण्डे को मृत्युपर्यन्त फाँसी पर लटकाये रखने की सजा सुनाती है।

अनुमोदित एवं पुष्टिकृत
(हस्ताक्षरित) जे.बी.हरसे,
मेजर जनरल कमांडिंग, प्रेसीडेन्सी डिवीजन
बैरकपुर, 7 अप्रैल 1857

टिप्पणी :

पाँचवी कंपनी की 34वीं रेजीमेंट नेटिव इनफेन्ट्री के सिपाही नं. 1446, मंगल पाण्डे को कल 8 अप्रैल को प्रातः साढ़े पांच बजे ब्रिगेड परेड पर समूची फौजी टुकड़ी के समक्ष फाँसी पर लटकाया जाएगा।

इस आदेश को प्रत्येक फौजी टुकड़ी की परेड़ के दौरान और खास तौर से बंगाल आर्मी के हर हिन्दुस्तानी सिपाही को पढ़कर सुनाया जाए।

बाय ऑर्डर ऑफ हिज़ एक्सीलेन्सी
द कमाण्डर-इन-चीफ
सी.चेस्टर, कर्नल।

**स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (से.नि.)*
तहबरपुर, पोस्ट : टीकापुर, आजमगढ़ (उ.प्र.)

आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर (नेताजी सुभाष चन्द्र बोस) का ऐतिहासिक महत्त्व का अंतिम आदेश

(भारतीय स्वातंत्र्य समर के महानतम योद्धा, शिखर राष्ट्रवीर देशभक्त नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने मातृभूमि को विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। अद्‌भुत नेतृत्व शक्ति और अदम्य साहस से संपन्न कीर्तिपुरुष सुभाष बाबू ने भारत से बाहर विशाल **आजाद हिन्द फौज** खड़ी की और उसके सुप्रीम कमांडर रहे। उन्होंने ब्रिटिश सेना को सशस्त्र युद्ध में पराजित किया और अस्थायी आजाद हिन्द सरकार की स्थापना कर उसके राष्ट्रपति बने। **'दिल्ली चलो'** के अभियान के साथ वह युद्ध करते हुए भारतीय सीमा में प्रविष्ट हुए किन्तु दलदली क्षेत्र व अन्य प्रतिकूलताओं ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। ऐसी स्थिति में उन्होंने भारी मन से बर्मा छोड़ते

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

समय 'विशिष्ट आदेश' जारी किया था जो आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से उनका अंतिम ऐतिहासिक दस्तावेज सिद्ध हुआ।

(संपादक)

"मुख्यालय आजाद हिन्द फौज विशिष्ट आदेश"

आजाद हिन्द फौज के बहादुर अधिकारीगण तथा जवानो !

मैं उस बर्मा को बड़े भारी हृदय से छोड़ रहा हूँ जो उन बहुत-सी शौर्यमय लड़ाइयों का अखाड़ा रहा है, जिन्हें तुमने फरवरी, 1944 से लड़ा है तथा जिन्हें आप लोग अब भी लड़ रहे हैं। इम्फाल तथा बर्मा में हम अपनी आजादी के युद्ध का प्रथम दौर हार चुके हैं। किन्तु यह तो प्रथम दौर ही है। हमें तो युद्ध के और अनेक दौरों से होकर गुजरना है। मैं जन्म से आशावादी हूँ तथा विकट से विकट परिस्थितियों में भी मैं पराजय स्वीकार नहीं करूँगा। दुश्मन के खिलाफ **इम्फाल के मैदानों में, पर्वतमालाओं में तथा अराकान के बीहड़ों एवं तेल क्षेत्रों में तथा बर्मा के अन्य स्थानों पर जो पराक्रमपूर्ण जौहर आपने दिखाए हैं, वे हमारी आजादी के इतिहास में सदैव जीवन्त व अमिट रहेंगे।**

साथियों! संकट की इस घड़ी में मैं अपने आदेश के रूप में आपको एक ही संदेश देना चाहता हूँ कि यदि आपको अस्थायी रूप से पराजय का मुख देखना ही पड़े तो बहादुरों की तरह हार स्वीकार करें और पराजय में भी अनुशासन तथा सम्मान के उच्चतम आचरण को बनाए रखें। आपके सर्वोच्च बलिदानों के फलस्वरूप भारत की जो भावी पीढ़ी गुलाम नहीं अपितु स्वतंत्र नागरिक के रूप में जन्म लेगी वह आपका नाम लेकर कीर्तिगान करेगी, शुभाशीष देगी तथा संसार के समक्ष स्वाभिमानपूर्वक डंके की चोट पर यह कहेगी कि आप जैसे उनके जो पूर्वज बहादुरी से युद्धरत रहे, वे दुर्भाग्य से मणिपुर, असम तथा बर्मा में विजयश्री प्राप्त नहीं कर सके, किन्तु उनकी इस अस्थायी असफलता से हमारी अंतिम सफलता तथा कीर्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

भारत को आजादी निश्चित रूप से प्राप्त होगी, मेरा यह दृढ़ विश्वास है। मैं अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को, अपने राष्ट्रीय सम्मान को, तथा भारतीय युद्धवीरों की श्रेष्ठतम परम्पराओं को आपके सशक्त सुरक्षित हाथों में सौंप रहा हूँ। मुझे किंचित भी संदेह नहीं है कि आप, भारतीय मुक्ति की एक किरण की नासीर के रूप में, अपने सर्वस्व की यहाँ तक कि अपने स्वयं के जीवन तक की आहुति देंगे तथा भारतीय सम्मान की रक्षा करोगे ताकि आपके वे साथी जो इस संघर्ष को अन्यत्र संचालित करेंगे, आप लोगों के शानदार उदाहरण को अपनी प्रेरणा के रूप में सदैव अपने समक्ष रखेंगे।

यदि कहीं मेरा वश चलता तो मैं इस संकट की घड़ी में आप लोगों के साथ ही रहना पसन्द करता तथा आपके साथ अस्थायी पराजय का भागीदार होता। किन्तु अपने मंत्रियों तथा उच्चपदीय अधिकारियों के परामर्श के अनुसार मैं बर्मा को त्याग रहा हूँ ताकि मुक्ति के संघर्ष को निरन्तर जीवन्त रख सकूँ। मैं पूर्वी एशिया में तथा भारत के अन्दर निवास करने वाले भारतीयों से परिचित हूँ अत: मैं आप लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि वे विपरीत स्थिति में भी संघर्ष को जारी रखेंगे तथा इस प्रकार आपका समस्त बलिदान तथा कष्ट कभी भी व्यर्थ नहीं जाएगा। जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि मैं उस प्रतिज्ञा का दृढ़तापूर्वक पालन करता रहूँगा जो कि मैंने 21 अक्टूबर 1943 (अस्थायी आजाद हिन्द सरकार की स्थापना के दिन) को ली थी तथा मैं अपनी सामर्थ्य के अनुसार अपने 38 करोड़ देशवासियों के हितार्थ सब कुछ करता रहूँगा और उनकी मुक्ति हेतु संघर्ष जारी रखूँगा। अन्त में मैं आपसे अपील करता हूँ कि आप उसी आशावादिता को अपने अन्तर में सँजोए रखें जो मैंने सँजो रखी है तथा उनकी मुक्ति हेतु संघर्ष करते रहें तथा मेरे जैसे इस विश्वास को बनाए रखें कि **अन्धकार के पश्चात् प्रकाश का उदय हुआ करता है।** भारत अवश्यमेव आजाद होगा और वह भी अति निकट भविष्य में।

भगवान् आप पर कृपावान रहें।

इन्कलाब जिंदाबाद-आजाद हिन्द जिन्दाबाद-जय हिन्द

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

ह. सुभाष चन्द्र बोस
सुप्रीम कमाण्डर आजाद हिन्द फौज
दि. 24 अप्रैल 1945

(अंग्रेजी प्रति से हिन्दी रूपान्तरकार श्री हीरालाल शर्मा 'सरोज')

'नवयुग संदेश' राजस्थान का साप्ताहिक पत्र, वर्ष 65, अंक-15, भरतपुर, दिनांक 19 जनवरी 2010 से साभार

(भारतीय स्वातंत्र्य समर के महानतम योद्धा, शिखर राष्ट्रवीर देशभक्त नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने मातृभूमि को विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। अद्‌भुत नेतृत्व शक्ति और अदम्य साहस से संपन्न कीर्तिपुरुष सुभाष बाबू ने भारत से बाहर विशाल **आजाद हिन्द फौज** खड़ी की और उसके सुप्रीम कमांडर रहे। उन्होंने ब्रिटिश सेना को सशस्त्र युद्ध में पराजित किया और अस्थायी आजाद हिन्द सरकार की स्थापना कर उसके राष्ट्रपति बने। **'दिल्ली चलो'** के अभियान के साथ वह युद्ध करते हुए भारतीय सीमा में प्रविष्ट हुए किन्तु दलदली क्षेत्र व अन्य प्रतिकूलताओं ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। ऐसी स्थिति में उन्होंने भारी मन से बर्मा छोड़ते समय 'विशिष्ट आदेश' जारी किया था जो आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से उनका अंतिम ऐतिहासिक दस्तावेज सिद्ध हुआ।

(संपादक)

"मुख्यालय आजाद हिन्द फौज विशिष्ट आदेश"

आजाद हिन्द फौज के बहादुर अधिकारीगण तथा जवानो !

मैं उस बर्मा को बड़े भारी हृदय से छोड़ रहा हूँ जो उन बहुत-सी शौर्यमय लड़ाइयों का अखाड़ा रहा है, जिन्हें तुमने फरवरी, 1944 से लड़ा है तथा जिन्हें आप लोग अब भी लड़ रहे हैं। इम्फाल तथा बर्मा में हम अपनी आजादी के युद्ध का प्रथम दौर हार चुके हैं। किन्तु यह तो प्रथम दौर ही है। हमें तो युद्ध के और अनेक दौरों से होकर गुजरना है। मैं जन्म से आशावादी हूँ तथा विकट से विकट परिस्थितियों में भी मैं पराजय स्वीकार नहीं करूँगा। दुश्मन के खिलाफ **इम्फाल के मैदानों में, पर्वतमालाओं में तथा अराकान के बीहड़ों एवं तेल क्षेत्रों में तथा बर्मा के अन्य स्थानों पर जो पराक्रमपूर्ण जौहर आपने दिखाए हैं, वे हमारी आजादी के इतिहास में सदैव जीवन्त व अमिट रहेंगे।**

साथियों! संकट की इस घड़ी में मैं अपने आदेश के रूप में आपको एक ही संदेश देना चाहता हूँ कि यदि आपको अस्थायी रूप से पराजय का मुख देखना ही पड़े तो बहादुरों की तरह हार स्वीकार करें और पराजय में भी अनुशासन तथा सम्मान के उच्चतम आचरण को बनाए रखें। आपके सर्वोच्च बलिदानों के फलस्वरूप भारत की जो भावी पीढ़ी गुलाम नहीं अपितु स्वतंत्र नागरिक के रूप में जन्म लेगी वह आपका नाम लेकर कीर्तिगान करेगी, शुभाशीष देगी तथा संसार के समक्ष स्वाभिमानपूर्वक डंके की चोट पर यह कहेगी कि आप जैसे उनके जो पूर्वज बहादुरी से युद्धरत रहे, वे दुर्भाग्य से मणिपुर, असम तथा बर्मा में विजयश्री प्राप्त नहीं कर सके, किन्तु उनकी इस अस्थायी असफलता से हमारी अंतिम सफलता तथा कीर्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

भारत को आजादी निश्चित रूप से प्राप्त होगी, मेरा यह दृढ़ विश्वास है। मैं अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को, अपने राष्ट्रीय सम्मान को, तथा भारतीय युद्धवीरों की श्रेष्ठतम परम्पराओं को आपके सशक्त सुरक्षित हाथों में सौंप रहा हूँ। मुझे किंचित भी संदेह नहीं है कि आप, भारतीय मुक्ति की एक किरण की नासीर के रूप में, अपने सर्वस्व की यहाँ तक कि अपने स्वयं के जीवन तक की आहुति देंगे तथा भारतीय सम्मान की रक्षा करोगे ताकि आपके वे साथी

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

जो इस संघर्ष को अन्यत्र संचालित करेंगे, आप लोगों के शानदार उदाहरण को अपनी प्रेरणा के रूप में सदैव अपने समक्ष रखेंगे।

यदि कहीं मेरा वश चलता तो मैं इस संकट की घड़ी में आप लोगों के साथ ही रहना पसन्द करता तथा आपके साथ अस्थायी पराजय का भागीदार होता। किन्तु अपने मंत्रियों तथा उच्चपदीय अधिकारियों के परामर्श के अनुसार मैं बर्मा को त्याग रहा हूँ ताकि मुक्ति के संघर्ष को निरन्तर जीवन्त रख सकूँ। मैं पूर्वी एशिया में तथा भारत के अन्दर निवास करने वाले भारतीयों से परिचित हूँ अत: मैं आप लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि वे विपरीत स्थिति में भी संघर्ष को जारी रखेंगे तथा इस प्रकार आपका समस्त बलिदान तथा कष्ट कभी भी व्यर्थ नहीं जाएगा। जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि मैं उस प्रतिज्ञा का दृढ़तापूर्वक पालन करता रहूँगा जो कि मैंने 21 अक्टूबर 1943 (अस्थायी आजाद हिन्द सरकार की स्थापना के दिन) को ली थी तथा मैं अपनी सामर्थ्य के अनुसार अपने 38 करोड़ देशवासियों के हितार्थ सब कुछ करता रहूँगा और उनकी मुक्ति हेतु संघर्ष जारी रखूँगा। अन्त में मैं आपसे अपील करता हूँ कि आप उसी आशावादिता को अपने अन्तर में सँजोए रखें जो मैंने सँजो रखी है तथा उनकी मुक्ति हेतु संघर्ष करते रहें तथा मेरे जैसे इस विश्वास को बनाए रखें कि **अन्धकार के पश्चात् प्रकाश का उदय हुआ करता है।** भारत अवश्यमेव आजाद होगा और वह भी अति निकट भविष्य में।

भगवान् आप पर कृपावान रहें।

इन्कलाब जिंदाबाद-आजाद हिन्द जिन्दाबाद-जय हिन्द

ह. सुभाष चन्द्र बोस
सुप्रीम कमाण्डर आजाद हिन्द फौज
दि. 24 अप्रैल 1945

(अंग्रेजी प्रति से हिन्दी रूपान्तरकार श्री हीरालाल शर्मा 'सरोज')

'नवयुग संदेश' राजस्थान का साप्ताहिक पत्र, वर्ष 65, अंक-15, भरतपुर, दिनांक 19 जनवरी 2010 से साभार

नज़रिया और उसका महत्त्व

एक बूढ़ा आदमी एक गांव में अकेला रहता था। वह अपने खेत में आलू उगाना चाहता था, लेकिन यह बहुत मेहनत का काम था। उसका इकलौता पुत्र उसकी सहायता कर सकता था लेकिन वह जेल में था। उस बूढ़े आदमी ने अपनी स्थिति बताते हुए अपने बेटे को पत्र लिखा :

प्रिय बेटे,

मैं बहुत दुखी हूँ क्योंकि ऐसा लगता है कि इस साल मैं खेतों में आलू नहीं लगा सकूंगा। बुआई के वक्त को यूं ही गुज़ार देने से मुझे नफरत है क्योंकि तुम्हारी मां को हमेशा बुआई का वक्त बहुत अच्छा लगता था। खेत जोतने के लिए मैं काफी बूढ़ा हो चुका हूँ। अगर तुम यहाँ होते तो मेरी सारी मुश्किलें आसान हो गई होतीं। मैं जानता हूँ अगर तुम जेल में नहीं होते तो मेरे लिए खेत जोत देते।

स्नेह
तुम्हारा पिता

जल्दी ही उस बूढ़े व्यक्ति को यह टेलीग्राम मिला :

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

"भगवान के लिए, पिताजी आप खेत मत जोतिए !! वहाँ मैंने बंदूकें दबा रखी हैं।"

अगली सुबह 4 बजे एक दर्जन एफबीआई एजेंट तथा स्थानीय पुलिस अधिकारी आए। उन्होंने सारी ज़मीन खोद डाली। लेकिन वहाँ उन्हें कोई बंदूक नहीं मिली।

असमंजस में पड़े बूढ़े आदमी ने अपने बेटे को एक और पत्र लिखकर जो हुआ था उसके बारे में बताया। और आगे क्या करना है इस बारे में पूछा।

उसके बेटे का उत्तर आया : "खेत में जाइए और वहाँ आलू की बुआई कर दीजिए। मैं यहाँ से आपके लिए इतना ही कर सकता था।"

नैतिक शिक्षा : दुनिया में आप कहाँ हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, यदि आपने दिल में कुछ ठान लिया है तो आप इसे कर सकते हैं। केवल विचार का महत्व है, आप कहाँ हैं या कोई और आदमी कहाँ हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

'चिरन्तन भारत', मासिक, दिल्ली, अप्रैल 2010 से साभार

हुसैन का नरक तसलीमा की जन्नत

-राजकिशोर

मकबूल फिदा हुसैन कलाकार हैं। तसलीमा हुसैन भी कलाकार हैं। दोनों का जन्म मुस्लिम परिवार में हुआ था। हुसैन का जन्म भारत में हुआ था। तसलीमा बंग्लादेश में पैदा हुई थीं, लेकिन वे अब भारत को अपना दूसरा घर मानती हैं। दोनों की नियति कितनी जुदा-जुदा है! भारत को लेकर उनके नज़रिए में कितना फर्क है! एक के लिए जो नरक है, वही दूसरे के लिए जन्नत है। हुसैन चित्रकार हैं। बहुत से लोग उन्हें भारत का पिकासो मानते हैं। जहाँ तक प्रसिद्धि की बात है, हुसैन के लिए यह उपमा शायद गलत भी नहीं है। लेकिन जहाँ तक कला मूल्यों का सवाल है, पिकासो को प्रगतिशील कलाकार माना जाता है और हुसैन में ऐसी कोई तमन्ना नहीं है। विचारों से उन्हें कोई खास मतलब नहीं है। वे रेखाओं और रंगों की खूबसूरती के कायल हैं। सिर्फ एक मामले में उनके दमित ख्याल उनकी कला पर हावी हो जाते हैं। **जब वे हिन्दू देवी-देवताओं की तस्वीर बनाते हैं, तो उनकी कामुकता खुल कर खेलने लगती है। खासकर देवियों के जिस्म से खेलने में उन्हें बहुत मज़ा आता है।** जब इस पर बवाल मचता है, तो उन्हें लगता है कि हिन्दुस्तान में कलाकार को पूरी आजादी नहीं है। जब हुसैन के प्रशंसक उन्हें सलाह देते हैं या उनसे अनुरोध करते हैं कि वे हिन्दू चित्त को नाहक चोट पहुँचाने वाली इन तस्वीरों को बाजार से वापस ले लें, तब भी हुसैन टस से मस नहीं होते। **शायद उनका मानना यह है कि कला समाज के लिए नहीं होती, समाज कला के लिए होता है।**

तसलीमा नसरीन बागी लेखिका हैं। बचपन से ही, एक स्त्री के रूप में, उन्हें जैसे वीभत्स अनुभव हुए, उनकी परिणति कुछ और कैसे हो सकती थी? बाद में, उनकी पढ़ाई-लिखाई ने उन्हें नास्तिक बना दिया। इसके बाद तो उनका लेखन आग का धधकता गोला बन गया। इससे उनके समाज की धुकधुकी बढ़ गई। **इस्लाम के स्वनियुक्त पैरोकार उनकी कलम से ज्यादा उनकी जान के दुश्मन हो गए।** एक रात तसलीमा को अपनी मातृभूमि छोड़ कर हवाई जहाज से भागना पड़ गया। तभी से वे बेवतन हैं। **आज का बांग्लादेश तसलीमा के लिए पहले से कुछ कम खूंखार नहीं है।** इसलिए वे वहाँ किसी भी शर्त पर लौट नहीं सकती। लेकिन वे

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

जिस भाषा में लिखती हैं, उसका एक घर हिन्दुस्तान भी है। इसलिए वे लगभग एक दशक से भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए बेचैन है। भारत ने उन्हें शरण जरूर दी है, पर उसकी सरकार उन्हें नागरिकता देने के लिए राजी नहीं है।

तसलीमा नसरीन के लिए भारत जन्नत की तरह है। मिर्जा को 'जन्नत की हकीकत' मालूम थी, शायद तसलीमा को भी अब पता चलने लगी है, पर वे निराश होना नहीं चाहती। वे उस दिन का इंतजार कर रही हैं जब भारत उन्हें अपनी बच्ची की तरह अपनी बाँहों में भर लेगा। हुसैन की फितरत कुछ और है। तसलीमा को बंग्लादेश में जितना सहना पड़ा, भारत में शरण लेने के बाद बांग्ला भाषा की अपनी ज़मीन पश्चिम बंगाल में जितनी मुश्किलें बर्दाश्त करनी पड़ीं और एक रात वहाँ से भी केन्द्र सरकार के संरक्षण में भागना पड़ा, बाद में पराए देशों की खाक छाननी पड़ी, उसकी तुलना में हुसैन के साथ भारत में ज़ीरा-भर भी दुर्व्यवहार नहीं हुआ। उनकी कला यहीं पनपी, उनकी सराहना हुई और यहीं वे अरबपति भी बने। भारत ने उन्हें वह सब कुछ दिया जो वह किसी चित्रकार को भेंट कर सकता था। **भारत ने उनकी सौन्दर्य पिपासा को भी तृप्त किया। अगर हुसैन आठ-दस विवादग्रस्त चित्रकृतियों को शालीनता के साथ वापस ले लेते और उनके कलात्मक महत्व के मूल्यांकन का जिम्मा इतिहास पर छोड़ देते तो उनकी इज्जत और बढ़ जाती तथा उन्हें छेड़ने वाले निरस्त हो जाते।**

तसलीमा ने अपनी मातृभूमि बंग्लादेश में अपने रहने के अधिकार के लिए जहाँ तक उनकी कुव्वत थी, जमकर और लगातार संघर्ष किया। **इतने सारे उनके खून के प्यासे मर्द और हाथ में कलम संजोए हुए एक अकेली औरत।** ये लड़ाई थी दिए की और तूफान की। दिए को अपनी जोत बचाए रखने के लिए एक रात अपना घर छोड़ना पड़ गया। इसके विपरीत, हुसैन थोड़ी-सी शरारत से ही परेशान हो गए। तसलीमा की तरह यहाँ के किसी समुदाय ने उनके सिर की कीमत नहीं लगाई। दो-चार मुकदमे ही दर्ज हुए थे। हुसैन का केस लड़ने के लिए भारत के बड़े-बड़े वकील तैयार हो जाते। हुसैन को भारत की महाबली सरकार का समर्थन और संरक्षण भी हासिल था। यह कानूनी लड़ाई बेहद मज़ेदार होती। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर धारदार बहस होने से भविष्य के लिए नए रास्ते खुलते। लेकिन हमारे समय के बड़े कलाकारों में से एक ने संघर्ष का नहीं, सहूलियत का रास्ता चुना। वह भी लंदन, पेरिस और न्यूयार्क की खाक छानता रहा, पर देश निकाले की तकलीफ और अजनबीपन से जूझती हुई बांग्ला लेखिका की तरह हांफती और बिसूरती हुई नहीं, मौज-मस्ती और ऐयाशी करते हुए टूरिस्ट की तरह।

भारतीय लोकतंत्र के लिए यह शर्म की बात है कि अब भी कुछ कलाप्रेमी हुसैन द्वारा मुस्लिम राजतंत्र कतर, जहाँ कानून का राज नामक कोई चीज नहीं है और अभिव्यक्ति की आजादी पर घोषित-अघोषित सैंकड़ों पहरे हैं, की नागरिकता स्वीकार लेने का बचाव कर रहे हैं और भारत के 'दमनकारी समाज' की निंदा किए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर, दुर्भाग्य से, वामपंथी हैं। दूसरीओर, इस बेचारी अकेली औरत को भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए यहाँ के लेखक समाज में से भी कोई मुहिम नहीं है।

हुसैन का बचाव करने के कई राजनीतिक फायदे हैं। तसलीमा के पक्ष में बोलना राजनीतिक दृष्टि से खतरनाक है। हुसैन के फैसले की तारीफ करने से मुस्लिम वोट मजबूत होता है। तसलीमा के साथ सहानुभूति दिखाने से मुसलमान भड़क सकते हैं। यह भारत के मुस्लिम समाज के साथ अन्याय है। उसके भीतर भी अंतरसंघर्ष की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया को मजबूत करना चाहिए, न कि इसकी जड़ों में मट्ठा डालना चाहिए। कैसी विडंबना है! हुसैन ने अपने धर्म भाई मुसलमानों की संवेदना

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

को आधुनिक और उदार बनाने के लिए कुछ भी नहीं किया। उलटे देश की बहुसंख्यक जनता के मन को चोट पहुँचाने वाला काम किया। अंत में हुसैन ने यह साबित किया कि भारत उनका नरक है। तसलीमा ने अपने देश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले जुल्म का चित्रण किया और अपने मुल्क की बहुसंख्यक जनता के प्रतिगामी विश्वासों को झकझोर दिया। उन्हें भारत जन्नत की तरह लग रहा है। कौन सही है, कौन गलत? इसका फैसला करना क्या बहुत मुश्किल है?

'राष्ट्रीय सहारा' दैनिक, दिल्ली, 9 मार्च 2010 से साभार

चर्चों के बीच 50 करोड़ का विवाद पहुँचा हाईकोर्ट

-प्रभात कुमार

देशभर में फैली **पचास हजार करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर कई चर्च ऐसोसिएशनों के बीच चल रहा विवाद अब दिल्ली हाईकोर्ट पहुँ गया है।** चर्च ऑफ इंडिया, पाकिस्तान, बर्मा, सिलोन (सीआईपीबीसी) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन पर उन संपत्तियों को बेचने का आरोप लगाया है, जिन पर उसका (याचिकाकर्ता) भी हक है।

सीआईपीबीसी ने याचिका दायर कर कहा है कि चर्च ऑफ नार्थ इंडिया ट्रस्टी एसोसिएशन ने उनकी कई चल व अचल संपत्ति पर उस समय कब्ज़ा कर लिया, जब पर्याप्त संख्या में बिशप के कमी के कारण संगठन निष्क्रिय हो गया था। न्यायमूर्ति बीडी अहमद व वीणा बीरबल की पीठ के समक्ष अधिवक्ता एन.के.कॉल ने संपत्ति के विवाद को लेकर कई अदालतों में चल रहे मुकदमों में याचिकाकर्ता को पार्टी बनाने की मांग की।

याचिका में कहा गया है कि उसका गठन इंडियन चर्च एक्ट के तहत 1927 में किया गया था और उस समय सिर्फ दो ही चर्च एसोसिएशन हुआ करते थे। पहला चर्च आफ इंग्लैंड और दूसरा चर्च ऑफ इंग्लैंड इन इंडिया। चर्च ऑफ इंग्लैंड द्वारा नियंत्रित दोनों संगठनों में विवाद होने के बाद 1927 में ही ब्रिटिश संसद ने इंडियन चर्च एक्ट बनाया और सीआईपीबीसी का गठन किया।

याचिका में यह भी कहा गया है कि वर्ष 1970 में सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडिया के कुछ सक्रिय बिशप ने एक प्रस्ताव पारित कर 6 चर्चों का एक संगठन तैयार कर लिया। चर्च ऑफ नार्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन के नाम से चर्च के कार्यकलापों पर अवैध तरीके से अपने हाथ में ले लिया। **याचिका में कहा गया है कि आज अधिकांश चर्चों की संपत्ति व आने वाला धन गलत लोगों के हाथ में है।** याचिका में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति या संगठन को चर्च की संपत्ति बेचने का अधिकार नहीं है।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दिनांक 7 नवम्बर 2009 से साभार

शोक-संदेश

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

अत्यंत दु:ख के साथ यह सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय और सांस्कृतिक गौरव संस्थान की स्थापना से ही संस्थान के कार्य के प्रसार में लगे रहे पुणे के **श्री जयकृष्ण श्रीपाद बेटराबेट जी** का स्वर्गवास हो गया है।

भगवान् से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

सांस्कृतिक गौरव संस्थान परिवार

हिन्दू संस्कृति व्याख्यान माला

-शरद् चन्द्र (एडवोकेट)

"चैन ये दिल की लगी मुझको कहाँ देती है।
अब तो हर साँस मेरी आहो फुगां देती है।
बागवाँ हैरां परेशां है, बुझाए किसको,
गुलशने हिन्द की हर शाख धुँआ देती है।"

अगर भारतीय भूखण्ड के इतिहास को आप गौर से पढ़ें तो शायद मेरी तरह आप भी इसी नतीजे पर पहुँचेंगे कि हिन्दुस्थान की मुसीबत थमने का नाम नहीं लेती। सातवीं शताब्दी से मुसलमानों के आक्रमण जो अन्तत: इस्लामी शासन में परिणत हुए और इस्लामी क्रूरता को भारत में स्थायी रूप से हिन्दू धर्म, संस्कृति और देवस्थान के विनाश का एक शासकीय आधार प्राप्त हो गया क्योंकि उनका लक्ष्य भारत में केवल इस्लामी शासन नहीं बल्कि हिन्दुस्थान से हिन्दू नाम की चिड़िया का भी समूल विनाश कर उसे अन्य विजित क्षेत्रों के समान पूर्ण इस्लामी राज्य बनाने का था। मगर हिन्दू वीरों की जबर्दस्त टक्कर से मुसलमानों का यह संकल्प अरब के कब्रिस्तान पहुँच गया।

अट्ठारहवीं शती के प्रारंभ से मुस्लिम वर्चस्व की समाप्ति के बाद हिन्दू और हिन्दुस्थान के भाग्योदय की संभावना दिखाई देने लगी मगर अंग्रेजों के भारत प्रवेश और अन्ततोगत्वा भारत पर उनके शासन ने एक बार फिर भारत के भाग्योदय पर ग्रहण लगा दिया अब हिन्दू और मुसलमान दोनों ही अंग्रेज़ों के गुलाम थे। ये बात अलग है कि काफिरों की दुनिया से मिटाने और तमाम दुनिया को दारूल इस्लम में तब्दील करने के जुनून में मुसलमान ईसाइयों से भी दो-दो हाथ कर चुके थे। यूरोप का इतिहास इन दोनों की सैंकड़ों खूनी जंगों का साक्षी है और अब फिर 190 वर्ष की काली पराधीनता हिन्दुओं का इंतजार कर रही थी। प्रथम विश्व युद्ध से अंग्रेजों का वर्चस्व कम हुआ। यूरोप और एशिया में हुए अनेक क्रांतिकारी परिवर्तनों ने 1930 तक यह निश्चित कर दिया था कि भारत में अंग्रेजी शासन अब समाप्ति की ओर अग्रसर है और एक बार फिर **इस संभावना ने जन्म लिया कि हिन्दू जो इस देश का मालिक और शासक है पुन: सत्तासीन होकर अपने पुराने वैभव को प्राप्त करेगा** तथा हिन्दुस्थान के भाग्य का सूर्य पूर्ण तेज के साथ उदित होगा। किन्तु यहाँ भी हिन्दू और हिन्दुस्थान के दुर्भाग्य से गांधी-अंग्रेज और मुसलमानों के मानसपुत्र जबाहर और इसी के जैसे सैंकड़ों अंग्रेज़ों के दलाल वामपंथियों ने जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण करते हुए हिन्दुस्थान के भाग्योदय की संभावनाओं पर पानी फेर दिया।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

मुसलमानों के पक्षधर गांधी जी और नेहरू जी की चाटुकार मण्डली जो हर वक्त मुसलमानों की चौखट पर नाक रगड़ती रहती थी उसकी सभी प्रार्थनाओं और खुशामदों को मुसलमानों ने ठोकर मारकर गांधी जी की अहिंसा, शांति, हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई के नारे को एक जोरदार तमाचा मारकर इस्लामी आतंकवाद का नंगा नाच शुरू कर दिया। 22 लाख हिन्दुओं का कत्ल, असंख्य हिन्दू ललनाओं का अपहरण, अंगभंग, शीलहरण कर इस्लम का घिनौना चेहरा दुनिया को दिखाकर पाकिस्तान प्राप्त कर लिया और स्पष्ट कर दिया कि काफिर काबिले कत्ल है हम काफिरों के साथ नहीं रह सकते।

मगर हिन्दुओं और हिन्दुस्थान के दुर्भाग्य का असली और शर्मनाक अध्याय लिखा जाना अभी बाकी था। इस्लामी आतंकवाद का असली चेहरा देख लेने और हिन्दू मुस्लिम के आधार पर देश को विभाजित करने के बाद भी केवल गांधी और नेहरू ने भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने दिया और 3 करोड़ 54 लाख मुसलमानों को भारत में रोक लिया। विदेशी ईसाई पादरियों को विशेषाधिकार का रक्षा कवच प्रदान कर भारत में रुकने को बाध्य किया क्योंकि अंग्रेजी शासन में मतान्तरण के द्वारा ईसाई भी अब एक बड़ी संख्या में भारत में रहते हैं। नेहरू ने जम्मू-कश्मीर महाराज हरि सिंह से छीनकर गद्दार शेख अब्दुल्ला के हवाले कर दिया हिन्दू और हिन्दुस्थान से गद्दारी करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण को राज्याश्रय प्रदान किया जिसके कारण देश का विभाजन हुआ था।

परिणाम आज यह है कि इस्लामी आतंकवाद, ईसाई मतान्तरण और वामपंथी हिन्दुस्थान को निगलने के लिये अपना खूनी जबड़ा खोलकर बैठे हैं। हिन्दू और हिन्दुस्थान आज अन्दर और बाहर असंख्य शत्रुओं से घिरे हैं। चीन, पाक, बंग्लादेश के नापाक इरादे अब किसी से भी छिपे नहीं हैं। विदेशियों के टुकड़ों पर पलने वाले गद्दार राजनेताओं ने यह देश इस्लामी आतंकवाद, ईसाई मतान्तरण और माओवादी हिंसा के हाथ बेच दिया है। आज हिन्दू और हिन्दुस्थान का भविष्य अन्धकारमय है। हिन्दू अपने ही देश में कश्मीर से निष्कासित होकर दर-दर भटक रहा है। हिन्दू और हिन्दुत्व का अपमान सरकारी संरक्षण में हो रहा है, हिन्दू को साम्प्रदायिक और इस्लामी आतंकवादियों को मेहमान का दर्जा दिया जा रहा है।

प्रश्न यह है कि इस स्थिति में हम हिन्दू कितने दिन जीवित रहेंगे क्योंकि जब तक हिन्दू सशक्त है भारत जिन्दा है। लोकतंत्र और पंथ निरपेक्षता सांस ले रही है। भारत माता के अंग-भंग के बाद जो कटी-फटी आजादी मिली है वह भी अब कुछ ही दिनों की मेहमान दिखायी देती है। देश का प्रत्येक भाग जहाँ हिन्दू अल्पसंख्यक हैं देश से अलग होने को तैयार है। शायद इसीलिए वीर सावरकर ने कहा था हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्थान इस तथ्य को इतिहास ने प्रमाणित किया है विचारणीय है कि क्या हिन्दू और हिन्दुस्थान का अस्तित्व दुर्भाग्य के थपेड़ों से नष्ट हो जाएगा। हिन्दू राष्ट्र का चिर स्वप्न, राम राज्य, भारत के विश्व गुरु बनने की संभावनाएं धूल धूसरित हो जाएंगी? क्या हिन्दू अपने ही देश में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा सरेआम कत्ल किया जाता रहेगा, उसकी इज्जत और सम्पत्ति जेहादियों द्वारा यूं ही लुटती रहेगी, उसके धर्म स्थान आततायियों द्वारा पद दलित किए जाते रहेंगे, गऊ माता का खून नालियों में बहता रहेगा। यदि नहीं तो आइए वीर सावरकर द्वारा प्रदत्त महामंत्र "हिन्दी-हिन्दू-हिन्दुस्थान सावरकर का मंत्र महान" की गहराइयों में उतरकर इसकी आत्मा से एकाकार होकर इन प्रश्नों के समाधान हिन्दू और हिन्दुस्थान के त्राण का पथ संधान करें। इसकी यर्थाथता प्रासंगिकता को त्रिकालावधि सत्य की तरह स्वीकार करें।

हिन्दू भाव भावित, हिन्दुत्व ज्योतिज्योतित, हिन्दू हुतात्मा सुरभि सिंचित, क्रांतिवीर मुकुटमणि परमवीर सावरकर सुस्मृति विभूषित हिन्दू संस्कृति व्याख्यानमाला का अष्टम पुष्प अपने आराध्य देव को समर्पित करें।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

दिल रख दिया है सामने लाकर खुलूस से

अब इसके आगे काम तुम्हारी नज़र का है"

हिन्दू पहले अपने को सुधारें

-डॉ. मित्रेश कुमार गुप्त

अपने ज्ञान, दर्शन, आध्यात्मिकता के सिद्धांतों के कारण हिन्दू धर्म विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म होने पर भी अध:पतन की जिस स्थिति से जूझ रहा है वह अत्यंत चिंता का विषय है। अन्य मज़हबों पारसी, यहूदी, ईसाई तथा मुस्लिम की अपेक्षा हिन्दू धर्म में संगठन तथा अनुशासन का सर्वथा अभाव है। संगठन तथा अनुशासन ही ऐसे गुण हैं जिनके अभाव में न समाज, न राष्ट्र और न ही धर्म की ही उन्नति संभव है। अपने इन्हीं गुणों के कारण ईसाई क्या मुस्लिम मज़हब ने बहुत बाद में अस्तित्व में अपने पर भी विश्व में जो अपने उन्नत ध्वज फहराए हैं उनकी अपेक्षा आदिकाल से चलने वाला हिन्दू धर्म सिकुड़ता जा रहा है। हिन्दू धर्म में मठाधीश तो बहुत हैं किन्तु व्यावहारिक रूप से हिन्दू धर्म का सुधार करने वाला कोई भी नहीं है। अनुशासन की भावना के अभाव में हिन्दू धर्म में सभी कुछ भी कहने या करने को स्वतंत्र हैं। अन्य मज़हबों में अपने धर्म के विरुद्ध बोलने की किसी की भी हिम्मत नहीं किन्तु हिन्दुओं में कोई हिन्दू अपने धर्म के विरुद्ध यदि कुछ करता या कहता है तो उसको कोई दंडित नहीं कर सकता। हिन्दू अपने अज्ञान, स्वार्थ तथा लालच के कारण कोई भी अपराध करने को तैयार हो जाता है। हिन्दुओं के ही सामाजिक तथा राजनीतिक भ्रष्टाचार के अधिक उदाहरण सामने आते हैं। इस कारण यह है कि उन्हें अपने धर्म का डर नहीं है। भारत हिन्दू बहुल देश है जो नैतिक पतन की दृष्टि से विश्व के अन्य देशों से बहुत अधिक पिछड़ा हुआ है। भूतकाल में जिन मतावलम्बियों ने हिन्दू धर्म पर नाना प्रकार के अत्याचार किए हैं तथा जो भी आतंक के बल पर हिन्दू समाज को समाप्त करने पर तुले हुए हैं, अधिकांश हिन्दू कुछ राजनीतिक कारणों से तथा कुछ अपने वर्चस्व को बढ़ाने के चक्कर में उन्हें हर समय गोद में बैठाने को तैयार रहते हैं। उन्हें न अपने धर्म का डर है तथा न समाज का, हिन्दुओं के विनाश का दूसरा कारण है जाति प्रथा तथा छुआछूत की भावना। जब तक हमारे देश में जाति-प्रथा की भावना है तब तक हिन्दू धर्म का सुधार नहीं हो सकता। अपनी इसी दुर्बलता तथा पारस्परिक फूट के कारण हिन्दुओं ने हज़ारों वर्षों की गुलामी झेली है।

अत: हिन्दू धर्म को सफल बनाने के लिए सर्वप्रथम अनुशासन के कुछ नियम बनाने का तथा उनका सख्ती से पालन करने का विधान होना चाहिए। धर्म के अनुशासन का अंकुश ही हिन्दू धर्म की रक्षा करने में सक्षम हो सकता है।

समाज में हिन्दुओं के प्रति होने वाली किसी भी अशोभनीय घटना के विरोध में हिन्दू बहुत कम संख्या में एकत्रित होते हैं जबकि अन्य मतावलम्बी भारी संख्या में आकर प्राय: हिंसक हो जाते हैं। अपने हितों की रक्षा के लिए संगठित होना अनिवार्य है। हिन्दू अपनी आस्था धर्म तथा अस्तित्व पर होने वाली चोट को चुपचाप सह लेते हैं जबकि अन्य मतावलम्बियों में ऐसा नहीं देखा जाता। हिन्दू अहिंसा तथा प्राणी सेवा में विश्वास रखते हैं। वे गाय की उसे अति उपयोगी मानकर पूजा करते हैं जबकि अन्य मतावलम्बी उसे काट कर खाने में विश्वास रखते हैं। वे यह नहीं जानते कि पशु-पक्षी मनुष्यों के सहायक हैं अत: उन्हें मारकर नहीं खाना चाहिए। गायों-भैंसों के काटने से दुग्ध उत्पादन की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। व्यक्तियों की तो बात ही क्या एक दिन ऐसी स्थिति आ जाएगी जबकि बच्चों को दूध मिलना कठिन हो जाएगा। अत: **पशुओं के कटान पर सख्ती से प्रतिबन्ध लगना चाहिए।** माँस की अपेक्षा मनुष्यों को तथा बच्चों को दूध का मिलना अधिक आवश्यक है। सामाजिक संगठनों तथा सरकार को इस दिशा में कठोर कानून बनाकर पशुओं के अवैध कटान को रोकना चाहिए। किन्तु खेद की बात यह है कि इस समय मुस्लिमों से अधिक संख्या में हिन्दू गोश्त खाते हैं। इस पर विचार अवश्य होना चाहिए।

डॉ. मित्रेश कुमार गुप्त

तिलक रोड, मेरठ

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

भगवती सती (तत्पश्चात् पार्वती) के अंगों के गिरने से शक्तिपीठ बने हैं। उनका विवरण दुर्लभ है, अतः यहाँ यह मूल्यवान् सूचना दी गई है।

शक्तिपीठों की तालिका

	शक्तिपीठ	अंग/आभूषण	शक्ति	भैरव
1.	किरीट	किरीट	विमला/भुवनेशी	संवर्त
2.	वृन्दावन	केशपाश	उमा	भूतेश
3.	करवीर	त्रिनेत्र	महिषमर्दिनी	क्रोधीश
4.	श्रीपर्वत	दक्षिण तल्प	श्री सुन्दरी	सुन्दरानन्द
5.	वाराणसी	कर्ण-मणि	विशालाक्षी	कालभैरव
6.	गोदावरी तट	वामगण्ड (कपोल)	विश्वेशी/रुक्मिणी	दण्डपाणि/वत्सनाभ
7.	शुचि (कन्याकुमारी)	ऊर्ध्वा दन्त	नारायणी	संहार(सूकर)
8.	पँचसागर	अधोदन्त	वाराही	महारुद्र
9.	ज्वालामुखी	जिह्वा	सिद्धिदा	उन्मत्त
10.	भैरवपर्वत	ऊर्ध्व ओष्ठ	अवन्ती	लम्बकर्ण
11.	अट्टहास	अधरोष्ठ	फुल्लरा	विश्वेश
12.	जनस्थान	ठुड्डी	भ्रामरी	विकृताक्ष
13.	कश्मीर	कण्ठ	महामाया	त्रिसन्ध्येश्वर
14.	नन्दीपुर	कण्ठहार	नन्दिनी	नन्दकेश्वर
15.	श्रीशैल	ग्रीवाशैल	महालक्ष्मी	संवारानन्द/ईश्वरानंद
16.	नलहटी	उदरनली	कालिका	योगीश
17.	मिथिला	वामस्कन्ध	उमा/महादेवी	महोदर
18.	रत्नावली	दक्षिण स्कन्ध	कुमारी	शिव
19.	प्रभास	उदर	चन्द्रभागा	वक्रतुण्ड
20.	जालंधर	वाम स्तन	त्रिपुरमालिनी	भीषण
21.	रामगिरि	दक्षिण स्तन	शिवानी	चण्ड
22	वैद्यनाथ	हृदय	जयदुर्गा	वैद्यनाथ
23.	वक्त्रेश्वर	मन	महिषमर्दिनी	वक्त्रनाथ
24.	कन्याश्रम	पीठ	सर्वाणी	निमिष
25.	वहुला	वाम बाहु	वहुला	भीरूक
26.	उज्जैनी	कुहनी	मंगलचण्डिका	मांगल्यकपिलाम्बर
27.	मणिवैदिक	कलाइयां	गायत्री	सर्वानंद
28.	प्रयाग	हाथ की अंगुलि	ललिता	भव
29.	उत्कल में विरजा क्षेत्र	नाभि	विमला	जगन्नाथ
30.	कांची	कंकाल	देवगर्भा	रूरू
31.	कालमाधव	वाम नितम्ब	काली	असितांग
32.	शोण	दक्षिण नितम्ब	नर्मदा, शोणाक्षी	भद्रसेन
33.	कामगिरि	योनि	कामाख्या	उमानंद/उमानाथ
34.	जयन्ती	वाम जंघा	जयन्ती	क्रमदीश्वर

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

35.	मगध	दक्षिण जघा	जयन्ती	व्योमकेश
36.	त्रिस्तोता	वामपाद	भ्रामरी	ईश्वर
37.	त्रिपुरा	दक्षिणपाद	त्रिपुरसुन्दरी	त्रिपुरेश
38.	विभाष	बायां टखना	कपालिनी, भीमरूपा	सर्वानंद
39.	कुरुक्षेत्र	दक्षिण गुल्फ	सावित्री	स्थाणु
40.	युगाद्या	दक्षिण पादांगुष्ठ	भूतधात्री	क्षीरकण्टक
41.	विराट	दक्षिण पदांगुलियां	अम्बिका	अमृत
42.	कालीपीठ	अन्य पदांगुलियां	कालिका	नकुलिश
43.	मानस	दक्षिण हथेली	दाक्षायणी	अमर
44.	लंका	नूपुर	इन्द्राक्षी	राक्षसेश्वर
45.	गण्डकी	दक्षिण गण्ड (कपोल)	गण्डकी	चक्रपाणी
46.	नेपाल	दोनों जानु	महामाया	कपाल
47.	हिंगुला	ब्रह्मरंध्र	कोट्टरी	भीमलोचन
48.	सुगंधा	नासिका	सुनंदा	त्र्यम्बक
49.	करतोयातट	वामतल्प	अर्पणा	वामन
50.	चट्टल	दक्षिण बाहु	भवानी	चन्द्रशेखर
51.	यशोर	बांयी हथेली	यशोरेश्वरी	चन्द्र

"धर्म प्रवाह" (मासिक) दिसम्बर 1-3-2009 से साभार

चीन का कूटनीतिक मोर्चा

पाकिस्तान के बिगड़ते हालात के फलस्वरूप कश्मीर पर चीन का दखल बढ़ने की आशंका जता रहे हैं -
आर.विक्रम सिंह

पाकिस्तान के भविष्य को लेकर आशंकाएं शाम के साये की तरह बढ़ती जा रही हैं। हालात के मद्देनज़र पाकिस्तान लंबे समय तक चीन का मोहरा बना रह न पाएगा। बिखराव की स्थितियों में कथित आज़ाद कश्मीर का क्या होना है? **अफगानिस्तान पख्तूनों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सकता है। बलोच, सिंध अपने रास्ते जाएंगे। बिखर जाने की घबराहट पाकिस्तानी गृहमंत्री रहमान मलिक के बयानों में है। भारत में आतंकवाद प्रायोजित करने वाले अब तालिबानी विद्रोह में भारत का भूत देख रहे हैं।** नया-नया महाशक्ति का रूतबा पाने वाला चीन इस क्षेत्र में अपनी भूमिका के लिए ज्यादा ही उत्साही होगा और दखल बनना चाहेगा। **वरना क्या ज़रूरत थी कि पाकिस्तान के रहते चीनी मानचित्रों में कश्मीर को अलग देश के रूप में प्रदर्शित किया जाए। जब पाकिस्तान है तो चीन के मुताबिक कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा है। जब पाकिस्तान नहीं होगा तो चीन को कश्मीर भारत के भाग के रूप में स्वीकार्य न होगा। इसलिए उन्होंने इस स्थिति के आने के पहले से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।** वे पाकिस्तान के बिखराव को भारत के लिए खुशी का मौका नहीं देंगे, बल्कि इसे बहुत महंगा बनाना चाहेंगे। हो सकता है कि वे तालिबान की पीठ पर भी हाथ रख दें। यह भी हो सकता है कि पाक अधिकृत कश्मीर की सुरक्षा के बहाने सहयोग के लिए चीनी सेनाएं वहाँ आ धमकें और लंबी योजना के तहत अपना कैंप लगाएं। **पाकिस्तान रहे या न रहे, चीन की कूटनीति कश्मीर को भारत के लिए समस्या बनाए रहने की ही रहेगी।** पाकिस्तान भारत के खिलाफ प्रॉक्सी युद्ध भी लड़ता रहा है। पाकिस्तान के बाद वे खुद कश्मीर की आजादी के पैरोकार बन जाएंगे। अमेरिका की सोच क्या होगी? इस इलाके में अमेरिका और चीन की शतरंजी चालों का समय अब आने ही वाला है। अमेरिकी सोच पाकिस्तान को हिंसक

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

'ब्रेकअप' से बचाकर एक स्वशासित राज्यों के एक फेडरेशन के बनाने पर हो सकती है, जो रक्षा और विदेश नीतियों पर जहाँ तक संभव हो, संयुक्त राज्य के रूप में व्यवहार करे। वे जहाँ तक संभव होगा पाकिस्तान का स्वरूप बनाए रखना चाहेंगे। सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश बलूचिस्तान होगा। यह एक ओर समुद्र और दूसरी ओर अफगानिस्तान से जुड़ा हुआ है। ईरान के साथ इसकी सीमाएं जुड़ती हैं। मात्र बलूचिस्तान की सरपरस्ती से ही काफी हद तक इस इलाके में अमेरिकी हितों की भरपाई हो सकती है।

हमारी सोच और भूमिका क्या होगी? परिस्थितियां अगर पाकिस्तान के बिखराव की दिशाओं की ओर मुड़ती हैं तो वे हमें तैयारी की हालत में पाएं। भारत कभी भी पाकिस्तान की जनता का विरोधी नहीं रहा है। पाकिस्तान क्रोध के आवेश में जिन्ना की जिद के कारण बना। इससे शीतयुद्धकालीन पश्चिमी शक्तियों का हित भी सिद्ध होता था। भारत से गए मोहजिरों के अलावा वहाँ कोई भी पाकिस्तान समर्थक नहीं था। शत्रुता के भयानक दौर में भी भारत ने पंजाबियों, बलूचों, पख्तूनों, सिंधियों का बुरा नहीं चाहा है। हम एक भाषा एक संस्कृति के लोग हैं। हमारी सदियां एक साथ बीती हैं। हमारे पूर्वज एक हैं। इस सत्य को कोई नहीं झुठला सकता। हम सिर्फ एक जिन्ना को न समझा पाने की इतनी बड़ी सजा भुगत रहे हैं। **पाकिस्तान का बिखरना क्या है, बल्कि यह घर वापसी का रास्ता है। जैसे जर्मन एक हुए, वियतनाम एक हुआ, आगे कभी कोरिया एक होगा, हम भी एक होने की राह पर चलेंगे।** यह बहुत बड़ी बात होगी। अमेरिका और चीन के लिए यह सत्ता संघर्ष होगा, सियासत होगी, लेकिन हमारे लिए इस जुड़ाव के जो माने हैं उसका बयान तो आज शब्दों में मुमकिन नहीं। भावनाओं का जो ज्वार आजादी के वक्त आया थ उसकी खुशी 1947 के विभाजन की ऐतिहासिक गलती सुधारने की खुशी के आगे कुछ भी नहीं होगी। हम एक देश नहीं हो जाएंगे, लेकिन आगे शत्रुता को कोई वजह और कोई जगह नहीं मिलेगी।

एक बड़ा मसला रह जाएगा पाकिस्तान का एटमी बम का। ऐसी परिस्थितियों के लिए हमें स्थिर विचार के अत्यंत उच्चकोटि के नेतृत्व एवं विवेकपूर्ण नीति की जरूरत होगी। जरूरी होगा कि एटम बमों का यह जखीरा अमेरिका के हवाले हो जाए। इसके लिए अमेरिका के साथ अत्यंत कूटनीतिक, रणनीतिक सामंजस्य की आवश्यकता होगी। **इस क्षेत्र में चीन के संभावित लक्ष्यों का सही आकलन जरूरी है।** वे भारत को दक्षिण एशिया की सबसे प्रभावशाली शक्ति बनने से रोकने के लिए सब कुछ करेंगे। उन्हें भारत जापान की तुलना में एक मजबूत आर्थिक एवं सैन्य चुनौती के रूप में दिख रहा है। भारत से सीमा-विवाद जिंदा है। तिब्बत प्राय: अंतर्राष्ट्रीय फ्लैश प्वाइंट भी बन जाता है। सिकियांग के उइगर विद्रोह की समस्या से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है। आजाद कश्मीर की बात कर वे मुस्लिम देशों में दखल बनना चाहेंगे।

हमारी परेशानी भी चीन से उतनी नहीं जितनी खुद अपनी सोच से है। क्या हमने एशिया में अपनी जिम्मेदार भूमिका के बारे सोचा है या अपना दायित्व गाहेबगाहे विश्व व क्षेत्रीय शांति के बयानों तक ही सीमित रखना चाहते हैं? चीन के नक्शों में कश्मीर को अलग देश दिखाना प्रारंभ कर पाकिस्तान के बाद की अपनी तैयारियों की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के दिन पूरे हो रहे हैं। उसकी कमजोरी को देखकर चीन ने शराफत छोड़ सीधे हमारे खिलाफ कूटनीतिक मोर्चे लगाने प्रारंभ कर दिए हैं। दलाई लामा की तवांग यात्रा का जुनूनी विरोध एक उदाहरण है। जरूरी है कि अपनी क्षेत्रीय एवं वैश्विक भूमिका के बारे में हम अपनी सोच तो स्थिर करें। वे विस्तारवादी मानसिकता के लोग हैं। उनमें धर्म संस्कृतियों की समझ नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान को यूरेनियम दिया, एटम बमों की डिजाइन दी है। वे मित्रता और सद्भावना नहीं समझते। उनके सामने सर झुकाने से उनसे युद्ध लड़ना कहीं बेहतर विकल्प है।

(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी हैं)

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दिनांक 18.11.2009 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

धर्म-संस्कृति-सभ्यता चेतना

शनिवार, 2 जनवरी 2010 को श्री गुरुरामराय उदासीन आश्रम, आरामबाग, नई दिल्ली में **धर्म संस्कृति सभ्यता** विषय पर हुई संगोष्ठी में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी पधारे। स्वामी राघवानन्द जी, स्वामी विष्णुदेवानंद गिरि जी, स्वामी अनुभूतानन्द जी एवं महंत नवलकिशोर दास ने मंच को गरिमा प्रदान की। स्वागताध्यक्ष श्री दर्शनलाल नागपाल ने मंचासीन संतों को माल्यार्पण करके आशीर्वाद प्राप्त किया तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया।

सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा दिल्ली के महामंत्री श्री भूषण लाल पाराशर ने संगोष्ठी का उद्‌देश्य स्पष्ट करते हुए प्रमुख महानुभावों का परिचय कराया। भारत माता पूजन के पश्चात् पूज्य स्वामी राघवानन्द जी ने आज के महत्त्वपूर्ण विषय को विस्तार से सभी के सम्मुख रखा एवं आग्रह किया कि हम सभी इस पर खुलकर चर्चा करें।

11 कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त किए। उपस्थित समस्त महानुभावों ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपनी सहमति प्रकट की :-

1. उनके जीवन का यह प्रथम सुखद अनुभव है कि इतनी अधिक संस्थाओं के कार्यकर्ता चर्चा करने के लिए इस संगोष्ठी में पधारे।
2. इस प्रकार के प्रयास अनवरत रूप से करते रहना आवश्यक है।
3. संगोष्ठी का विषय धर्म संस्कृति सभ्यता चेतना सर्वथा उचित है।
4. इस पुनीत कार्य में अपना भरपूर योगदान करेंगे।
5. भविष्य की योजना निश्‍चित करके कार्यान्वित करने के लिए स्वामी राघवानन्द जी से निवेदन किया गया कि वे एक समिति का गठन करें।

संगोष्ठी के अध्यक्ष स्वामी विष्णुदेवानंद गिरि ने पुनीत उद्‌देश्य की प्राप्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

संगोष्ठी के संयोजक श्री अनिल कुमार मित्तल ने समस्त उपस्थित महानुभावों एवं संतजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आश्‍वासन दिया कि इस कार्य को सभी के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा।

शांति पाठ के साथ संगोष्ठी पूर्ण हुई।

स्वामी राघवानन्द

अध्यक्ष

पाठकों के पत्र

कांग्रेस शासन की भारत को देन

स्वाधीनता के उपरान्त भारत में अधिकांश रूप से कांग्रेस पार्टी का ही शासन रहा है। अतः **देश में जो भी समस्याएं तथा विसंगतियाँ हैं उन सभी की जिम्मेदार कांग्रेस है।** कांग्रेस ने वोट की राजनीति के कारण अनेक ऐसे कार्य किए हैं जो संविधान विरोधी हैं। उसने एक वर्ग को खुश करने के लिए दूसरे वर्ग के हितों को भारी हानि पहुंचाई है। भारत के स्वाधीन होने पर जब मुस्लिमों के लिए अलग देश पाकिस्तान बन गया तो शेष भारत को हिन्दुओं का देश नहीं बनने दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि विश्व में हिन्दुओं का कोई देश नहीं रहा जबकि यहूदियों के इस्राइल को छोड़कर शेष 197 देश मुस्लिमों तथा ईसाइयों के हैं। इसके अतिरिक्त भारत के संविधान में समता तथा समानता का सिद्धांत होने पर भी कांग्रेस ने भारत कोड

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

बिल न बनाकर हिन्दू कोड बिल बनाया और उसे देश में लागू किया। इसी कड़ी में **सच्चर समिति तथा रंगनाथ मिश्र आयोग रिपोर्ट भी संविधान विरोधी हैं जो मज़हब के आधार पर आरक्षण की संस्तुति करती हैं।** कांग्रेस शासन ने ही हिन्दी को स्वाधीन भारत की व्यावहारिक राजभाषा नहीं बनने दिया है तथा उसके स्थान पर केन्द्रीय शासन, सचिवालयों तथा न्यायालयों का समस्त कार्य अंग्रेजी में हो रहा है और देश में इंग्लिश मीडिया स्कूलों की बाढ़ आ रही है जिससे **देश अंग्रेजी का उपनिवेश बनता जा रहा है।**

इस प्रकार से कहा जाए तो **कांग्रेस शासन भारतीय संस्कृति विरोधी रहा है जिसमें सभी नैतिक मूल्य धाराशायी होकर रह गए हैं।** कांग्रेस ने हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने का भी प्रयास नहीं किया है। जबकि अरबी जैसी छोटी भाषा वहाँ की भाषा है। इसके अतिरिक्त वर्तमान कांग्रेस सरकार विदेशों में मीट सप्लाई पर 20 प्रतिशत का अनुदान देती है, जिससे देश में मीट व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है और दुधारु पशुधन का भारी मात्रा में कटान हो रहा है। इससे भविष्य में मनुष्यों को तो क्या बच्चों को भी दूध मिलना कठिन हो जाएगा।

डॉ. मित्रेश कुमार गुप्त

तिलक रोड, मेरठ

पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का नाम : नमन माधव

संपादक : श्री आनन्द आदीश

मूल्य : 150 रुपये, पृष्ठ 300

प्रकाशक : जागृति प्रकाशन, एफ-109, सेक्टर-27, नोएडा-201 301

पूजनीय श्रीगुरुजी के नाम से जाने गए श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जन्म-शताब्दी संपूर्ण देश में और कुछ विदेशों में भी लगभग तीन वर्ष पूर्व मनाई गई। यह सर्वविदित है कि वे कर्मयोगी और कर्म-संन्यासी थे। वे महान संगठक, धाराप्रवाह वक्ता, उच्चकोटि के साहित्यकार और देशभक्ति में अनुपम थे। **प्रस्तुत पुस्तक के संपादक श्री आनन्द आदीश ने 300 पृष्ठों में एक विराट व्यक्ति का दर्शन कराने का प्रयत्न किया है,** जिसके लिए संपादक बधाई के पात्र हैं। श्री आदीश ने पुस्तक के तीन खण्ड रखे हैं। एक में श्रीगुरुजी के संबंध में श्री जैनेन्द्र कुमार जैन का लेख है और दूसरा लेख - श्रीगुरुजी का लेख वैश्विक कल्याण के संबंध में है। **दूसरे खण्ड** में कविताएं हैं जो बहुआयामी हैं और बहुरसमयी हैं। विविध शीर्षक वाले **खण्ड-3** में श्रीगुरुजी की जन्मपत्रिका और उनके लेखन की अनुकृतियां हैं। जैनेन्द्र जी ने प्रथम खण्ड में श्रीगुरुजी के कृतित्व और जीवन का साहित्यिक दृष्टिकोण से दर्शन कराया है। संपादक ने यह चयन बहुत सोच-समझकर किया है। ,

कविताओं का चयन संपादक की गहरी दृष्टि का परिचायक है। उदाहरण स्वरूप प्रयाग के श्री अजीज जौहरी की पृष्ठ 70 पर जो कविता है उसमें श्री जौहरी ने लिखा है कि

सागर सम गंभीर गुरुजी-सा संन्यास नहीं।
सूखी सरिता के खादर में, बुझती प्यास नहीं।

और श्री जौहरी ने यह भी लिखा है :

हँसी तुम्हारी मन भरती, तुम मन पावन करते थे,
भारत माँ के आँगन में, तुम सावन सम झरते थे।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

श्रीकृष्णकांत माथुर ने 'कलम उनके गीत गाना' कविता में

धर्म हिन्दू, कर्म हिन्दू, त्याग-तप का मर्म हिन्दू
चाहते थे जो हृदय से राष्ट्र को हिन्दू बनाना।
उन तपस्वी गुरुजी के गीत गाना।।

पृष्ठ 98 पर श्री कृष्ण मित्र की "हे समय के देवता" कविता के ये अंश अत्यंत सटीक हैं :

राष्ट्र के उत्थान में रत, स्वयं को तिलतिल जलाया।
तप-तपस्या-त्याग में तप, देह को कुंदन बनाया।

डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद की पृ. 215 पर 'माधव महान' तथा पृ. 222 पर श्री शंशाक तिवारी की **'आमंत्रण स्वीकार करो'** में श्री गुरुजी को 'हे! राष्ट्र के पर्याय !' अत्यंत सार्थक संबोधन दिया है।

ऐसी सार्थक और सत्य को उद्घाटित करने वाली कविताओं के संकलन के लिए संपादक साधुवाद के पात्र हैं।

उल्लेखनीय है कि पुस्तक की भूमिका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरकार्यवाह (अब-सरसंघचालक) माननीय श्री मोहनराव जी भागवत ने लिखी है।

'गौरव घोष' इस उत्तम प्रकाशन के लिए संपादक की बुद्धि की और चयन क्षमता की सराहना किए बिना नहीं रह सकता।

The Internet Hindus

-Shachi Rairikar

FOR decades the English media, both print and electronic, has been dominated by the leftist elite who by virtue of their English education, articulate speech and degrees, scholarships and awards from abroad face little or no competition at home. A handful of such people occupy most of the media space, holding on to it firmly, forming a closed circuit, only allowing selectively new entrants to join their league. Resorting to rhetoric and imposing their views on the nation in a feverish pitch, has become a second nature to them. Clearly pursuing anti-Hindu agenda, their stand on any issue is almost predictable. All news and views are doctored to fit their ideological parameters.

To the common, average, educated Indian, especially the majority Hindus, this is a frustrating situation. He and his religion has become the object of ridicule and despise in the mass media. Yet he does not have a way to fight this malicious campaign. Neither are his letters to editors published, nor can his articles match the

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

linguistic skills of the foreign-educated. He is not entertained on the talk shows on the television. Even his messages are not displayed during the TV programmes. His responses on the channel's website are also never published.

